


डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक  प्रयागराज से प्रकाशित  हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com  www.jjnews.in  प्रयागराज,बुद्धवार 8 फरवरी,2023  वर्ष—07 / अंक—268 प्रष्ठ—08 / मूल्य—2 रूपये


# तुर्किये के हालात पर भावुक हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप में मारे गए लोगों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शोक व्यक्त किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी भावुक भी हो गए और 2001 में गुजरात के भुज में आए भूकंप की त्रासदी को याद किया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की जान चली गई थी। प्रधानमंत्री दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के संसदीय दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि 2001 में जब भुज में भूकंप आया था, तब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उस दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। प्रधानमंत्री ने तुर्किये और सीरिया के लिए मानवीय आधार पर हर संभव मदद भेजने की बात भी कही। उन्होंने कहा, श्मुझे एहसास है कि इस वक्त तुर्किये में क्या हालत है और वहां के लोग किन मुश्किलों से गुजर रहे हैं।

गुजरात में भूकंप ने मचाई थी तबाही

भारत के कच्छ भुज में 26 जनवरी 2001 को आए भूकंप ने काफी तबाही मचाई थी। इस भूकंप की तीव्रता 7.7 थी। इसने गुजरात में भयंकर तबाही मचाई थी। कच्छ और भुज में 30 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। वहीं डेढ़ लाख से ज्यादा लोग घायल हुए थे। भूकंप के चलते पूरे गुजरात में चार लाख से ज्यादा घर ढह गए थे। इसका असर पाकिस्तान में भी देखने को मिला था।

# त्रिपुरा में योगी का कांग्रेस और लेफ्ट पर हमला

त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। बड़े बड़े नेता चुनाव प्रचार के लिए राज्य का दौरा कर रहे हैं। मंगलवार को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी खोवाई में एक रैली को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि काम पहले भी हो सकता था, लेकिन कम्युनिस्टों ने नहीं किया। कांग्रेस ने भी नहीं किया क्योंकि विकास उनके एजेंडे में नहीं था। घुसपैठ करवाते थे, यहां सुरक्षा में सेंध लगवाते थे। गरीबों के लिए आने वाली योजनाओं पर लूटपाट कराते थे

माकपा और कांग्रेस भगवान



राम या कृष्ण के अस्तित्व में विश्वास नहीं करतीरू योगी

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि त्रिपुरा विधानसभा चुनाव संयुक्त रूप से लड़ रही माकपा और कांग्रेस भगवान राम या कृष्ण के अस्तित्व में विश्वास नहीं करती हैं। आदित्यनाथ ने उत्तरी त्रिपुरा के बागबासा में एक चुनावी रैली में दावा किया कि इन दोनों दलों ने उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर और राम मंदिर के निर्माण को रोकने की भी कोशिश की। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि त्रिपुरा के लोगों ने कई वर्षों तक कम्युनिस्ट और कांग्रेस दोनों शासनों के ष्कुशासनष को देखा है, लेकिन छोटे पूर्वोत्तर राज्य ने भाजपा के तहत पहली बार विकास दर्ज किया है। कांग्रेस और माकपा ने ज्यादातर त्रिपुरा पर शासन किया, और भाजपा 2018 में सत्ता में आई, 25 साल के वाम शासन को समाप्त कर दिया। उन्होंने 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव को गठबंधन में लड़ने का फैसला किया है।

# संत रविदास ने दुनिया को दिखाई प्रेम की डगर:विधायक रमेश चंद्र मिश्र



,जौनपुर। संत शिरोमणि रविदास ने पूरी दुनिया को प्रेम और भाईचारे की डगर दिखाई। हम सभी एक ही ईश्वर की संतान हैं। इसलिए हम सभी को आपस में प्रेम और भाईचारे के साथ रहना चाहिए। संत रविदास जयंती के अवसर पर बदलापुर विधानसभा के ग्राम लेदुका की हरिजन बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए स्थानीय बीजेपी विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि संत रविदास जैसे महान संतों ने भारत की आध्यात्मिक ताकत को पूरे दुनिया में पहुंचाने का काम किया। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अनिल गलगली ने देवदेश प्रतिष्ठान को सौंपी पुरस्कार राशि



मुंबई। जाने—माने आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने पुरस्कार के रूप में प्राप्त धन राशि देवदेश प्रतिष्ठान के सामाजिक कार्यों के लिए सौंपी है। वरिष्ठ पत्रकार अनिल गलगली एक आरटीआई कार्यकर्ता हैं। सरकारी स्रोतों से प्राप्त सटीक जानकारी और प्रामाणिक दस्तावेज से अनिल गलगली अक्सर मीडिया की सुर्खियाँ बटोरते हैं। उन्होंने सरकारी अधिकारियों और राजनेताओं द्वारा सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और धन की हेराफेरी का पर्दाफाश किया है। हाल ही में मुंबई के डब्बावालों के लिए देवदेश प्रतिष्ठान और माई ग्रीन सोसाइटी के माध्यम से बगडका कॉलेज, जेबी नगर चकाला में बीएलएस प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में अनिल गलगली ने देवदेश प्रतिष्ठान के आगे के कार्यों के लिए भारतीय सद विचार मंच को मिलने वाली पुरस्कार राशि की घोषणा की। तदनुसार, देवदेश प्रतिष्ठान के कार्य के लिए 11 हजार रुपये की राशि प्राप्त करने वाले अनिल गलगली ने भटवाड़ी स्थित क्लिनिक में संगठन के अध्यक्ष डॉ. वैभव देवगीरकर से मुलाकात की और 11 हजार रुपये का चेक सौंपा। डॉ. वैभव देवगीरकर ने संस्था को दी गई आर्थिक सहायता के लिए अनिल गलगली को धन्यवाद दिया और महसूस किया कि देवदेश प्रतिष्ठान को दिया गया दान बीएलएस प्रशिक्षण और कैंसर जागरूकता के लिए किए गए कार्यों के लिए एक तरह का आशीर्वाद है।

# स्वर्गीय अभिषेक त्रिपाठी गौरव की मनाई गई जयंती



प्रयागराज स्वर्गीय अभिषेक त्रिपाठी गौरव की जयंती के उपलक्ष मे गीता निकेतन मंदिर पर पूजा पाठ व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों को भोजन कराया गया एवं गरीबों को अंग वस्त्र भी दिए गए इस अवसर पर भंडारे का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई जी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर टीना मां भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी अमित त्रिपाठी बिन्नी विधायक प्रतिनिधि अरुण शुक्ला विक्रांत शुक्ला आशुतोष शुक्ला नवीन सिंह भानु सिंह सिंगरौर आकाश प्रजापति आनंद कुशवाहा व स्वर्गीय अभिषेक त्रिपाठी गौरव के परिवार के सभी सदस्यों सहित सभी ने उनको याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# हंगामे के चलते तीसरी बार टला मेयर चुनाव, फिर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी आप



नई दिल्ली ।दिल्ली—एनसीआर सदन स्थगित होने के बाद दोनों पार्टियां एक—दूसरे पर इसका आरोप लगा रही हैं। वहीं आम आदमी पार्टी ने मेयर के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है ।दिल्ली नगर निगम के मेयर, डिप्टी मेयर का चुनाव तीसरी बार भी नहीं हो सका। इसी को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है सदन शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। जिसके बाद पहले तो पीठासीन अधिकारी ने 10 मिनट के लिए सदन स्थगित किया, बाद उन्होंने सदन अनिश्चितकाल के लिए ही स्थगित कर दिया। इस तरह एक बार फिर दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव नहीं हो सका। गौरतलब है कि आज सदन की बैठक शुरू होने से पहले ही आप और भाजपा के बीच आरोप—प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया था। एक ओर जहां आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि आज उसने अपने पार्षदों से सदन में हंगामे के लिए कहा है ताकि पीठासीन अधिकारी सदन स्थगित कर दें। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी पर उनके पार्षद खरीदने का आरोप लगाया। भाजपा ने आप पर लगाया उनके पार्षद खरीदने का आरोप

भाजपा ने कहा, महापौर, उपमहापौर और स्थाई समिति के सदस्यों के चुनाव में वोट डलवाने के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उनके 10 पार्षदों से संपर्क किया है, उन्हें करोड़ों रुपए का ऑफर दिया गया है। भाजपा नेताओं ने अपने सभी 10 पार्षद मीडिया के सामने पेश किए ।मनोनीत सदस्यों के वोट डालने की बात पर भड़की आप इसके बाद आज सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्य भी मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव में वोट डाल सकते हैं। यह घोषणा सुनते ही आप पार्षद इसका विरोध जताने लगे और सदन में हंगामा शुरू हो गया ।इस बीच भाजपा पार्षदों ने मांग की कि आप के दो नेता जिन पर केस चल रहा है उन्हें वोटिंग न करने दी जाए। इसी बात को लेकर भाजपा पार्षदों ने भी हंगामा किया। इसके बाद सदन शांत न होता देखकर पीठासीन अधिकारी ने सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया ।सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप सदन स्थगित होने के बाद दोनों पार्टियां एक—दूसरे पर इसका आरोप लगा रही हैं। वहीं आम आदमी पार्टी ने मेयर के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है।

# पूर्वांचल विकास परिवार ने किया अपना दल नेता नितेश पाठक का सम्मान



मुंबई। पूर्वांचल विकास परिवार द्वारा मुंबई की यात्रा पर आए अपना दल के महासचिव नितेश पाठक का जोरदार सम्मान किया गया। उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर स्थित मड़ियाहूं तहसील के रामपुर सधीरनगंज निवासी नितेश पाठक अपना दल के तेजतर्रार नेता माने जाते हैं। विरार स्थित जीवदानी माता का दर्शन करने के बाद पूर्वांचल विकास परिवार की तरफ से उन्हें राधा कृष्णा की फोटो , माता रानी की चुनरी और माला से उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए नितेश पाठक ने कहा कि डॉ द्रिगेश यादव के नेतृत्व में पूर्वांचल विकास परिवार द्वारा पूर्वांचल के लोगों के हितों की आवाज उठाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल की उन्नति के लिए हम सबका एक मंच पर आना अत्यावश्यक है। इस अवसर पर संस्था के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव, अवधेश यादव, अजय यादव, अमित यादव ,प्रमोद यादव ,मुकेश ,नागेश, उमाशंकर, बड़ेलाल, संतोष, दिनेश ,सचिन उपस्थित रहे। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव सभाजीत यादव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के मुंबई अध्यक्ष चंद्रजीत यादव,आध्यात्मिक सेल के अध्यक्ष ईश्वर देव, महाराष्ट्र के अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, लोकगीत बिरहा गायक अमरजीत यादव ,राष्ट्रीय सचिव कृष्ण कुमार यादव आदि ने भी नितेश पाठक के मुंबई आगमन पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी।

# अल्पसंख्यक,बहुसंख्यक की राजनीति से देश का भला नहीं- सरदार पतविंदर सिंह



अमीर और गरीब दो ही वर्ग के आधार पर नीतियां बननी चाहिए। समान नागरिक संहिता कानून लागू होस

प्रयागराज भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि देश को अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक की बहस से मुक्त होने का समय आ गया है अब न तो किसी को अल्पसंख्यक माना जाए और ना ही किसी को बहुसंख्यकस देश में अमीर और गरीब दो ही वर्ग होने चाहिए और उसी आधार पर नीतियां बननी चाहिए देश के सभी नागरिक सम्मान बराबर व सभी एक समान हैं समान नागरिक संहिता कानून लागू होना चाहिएस कौन अल्पसंख्यक,कौन बहुसंख्यक इस तरह की राजनीति से देश का भला नहीं होने वाला।

# लोक संस्कृति NGO द्वारा भिवाड़ी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर लगाया गया



लोक संस्कृति छळ८ द्वारा, लोक संस्कृति शिक्षा सदन स्कूल, साथलका भिवाड़ी के सौजन्य से दिनाँक 05.02.2023 को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें बाबा मोहनराम ट्रस्ट के चेयरमैन श्री अमर भगत जी मुख्य अतिथि एवं ब्राह्मण समाज विकास समिति के अध्यक्ष श्री अरुण पांडेय जी विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे, ऐ आर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल फूल बाग, भिवाड़ी से डॉ. आशुतोष एवं उनकी टीम तथा महिला चिकित्सक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. इंदिरा गुप्ता जी ने चिकित्सक के रुप में अपनी सेवाएं दी, लाइफ केयर पैथ लैब द्वारा सभी मरीजों की विभिन्न तरीके की जाँच की गयीं , लोक संस्कृति छळ८ के फाउंडर एवं स्कूल के चेयरमैन धर्मवीर शर्मा तथा को–फाउंडर एवं स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर नीलम ठाकुर जी ने बताया कि साथलका गाँव के निवासियों ने इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाकर बेहद सफल बनाया, संस्था द्वारा अतिथियों एवं चिकित्सकों को अंग वस्त्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा जलपान भी कराया गया , लोक संस्कृति छळ८ शिक्षा स्वास्थ्य महिला सशक्तिकरण समाज सेवा आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर निरन्तर कार्यरत है, संस्था के साथ जुड़ने के लिए मोबाइल नंबर 9599724107 एवं 7240636843 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेन्द्र सिंह राही ने बढ़ाया बस्ती जनपद का मान



गोल्डेन बुक आफ वर्ल्र्ड रिकार्ड के बाद इंडिया बुक आफ रिकार्डश में दर्ज हुआ नाम। हिन्दी भवन नई दिल्ली में श्अन्तर्राष्ट्रीय काव्य श्री सम्मानश से हुए सम्मानित...... न ई दिल्लीरूरूअंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन के द्वारा दिल्ली के हिंदी भवन में दिनांक ०५ फरवरी२३को जब भारत के अशोक चक्र विजेताओं पर अंतरराष्ट्रीय दोहा संग्रह श्भारत के अशोक चक्र विजेता का भव्य लोकार्पण हुआ तो पूरा सभागार भारतमाता के जयघोष के साथ तालियों से गूँजने लगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष देश के ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चन्द्रपाल शर्मा, मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर डॉ. भुवनेश चौधरी, दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ इंदिरा मोहन एवं फिल्म गीतकार एवं साहित्यकार डॉ प्रमोद कुश श्तनहाश ने इस ऐतिहासिक ग्रन्थ का लोकार्पण किया तो समूचा सभागार भारतमाता की जय के नाद से गूँजने लगा।डॉ चन्द्रपाल शर्मा ने इस ग्रन्थ को राष्ट्रीय महत्व का ग्रन्थ बताया तो मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी(सेवानिवृत्त) ने इस ग्रन्थ को भारत के शौर्य की संज्ञा दी। देश की वरिष्ठ गीतकारा डॉ इंदिरा मोहन ने इसे अभूतपूर्व एवं कालजयी ग्रन्थ की संज्ञा दी। ग्रन्थ की समीक्षा करते हुए डॉ प्रमोद कुश श्तनहाश ने कहा भारत की वीरता शौर्य बलिदान की गाथा का ऐतिहासिक ग्रन्थ है जो राष्ट्रभक्ति का जागरण करेगा।कार्यक्रम का संचालन संस्था के संस्थापक ग्रंथ के संपादक डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय ने किया। ग्रंथ के संकलनकर्ता ओंकार त्रिपाठी ने सभी अतिथि का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर इस ग्रन्थ के सहभागी रचनाकार बस्ती जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेन्द्र सिंह श्राहीश को श्अंतरराष्ट्रीय काव्य श्री सम्मानश से अलंकृत किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय शब्द सृजन मंच के बैनर तले नवम्बर में आनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था।जिसमें देश–विदेश के 201 कवियोंध्कवयित्रियों ने अशोक चक्र विजेताओं पर दोहा छंद में काव्य–पाठ किया था। इस ऐतिहसिक आयोजन को इंडिया बुक आफ रिकॉर्डस में दर्ज किया गया है। इस कार्यक्रम में बस्ती जनपद से डॉ. राजेन्द्र सिंह श्राहीश ने सहभागिता करते हुए अशोक चक्र विजेता श्कैप्टन उम्मेद सिंह महराश पर अपना काव्यपाठ किया था। आनलाइन कवि सम्मेलन में सम्मिलित 167 रचनाकारों की रचनाओं को लेकर इस ऐतिहसिक एवं कालजयी ग्रंथ श्भारत के अशोक चक्र विजेताश अन्तर्राष्ट्रीय साझा दोहा–संग्रह का प्रकाशन किया गया, जिसका लोकार्पण आज नई दिल्ली में किया गया। डॉ. राजेन्द्र सिंह श्राहीश का नाम श्गोल्डेन बुक आफ वर्ड रिकॉर्डसश में पहले ही जुड़ चुका है। श्बस! कुआनों बह रही हैश उनकी प्रसिद्ध काव्य कृति है। उनकी कुंडलिया छंदों में लिखित महत्वपूर्ण कृति श्कुंडलिया छंदों की अन्तर्यात्राश प्रकाशनाधीन है। साथ ही दस राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय साझा संकलनों एवं अनेक पत्र–पत्रिकाओं में उनकी रचनायें प्रकाशित हो चुकी है और उन्हें अनेक साहित्यिक एवं सामाजिक मंचों द्वारा शताधिक सम्मान प्राप्त हो चुका है। डॉ. राजेन्द्र सिंह श्राहीश को दिल्ली में श्काव्य श्री सम्मानश मिलने के समाचार से जनपद के साहित्यकार बहुत खुश हैं।


## विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# डाक्टरेट की उपाधि से नवाजी गयी सावित्री राय



जनपद की चर्चित समाज सेविका व चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरमैन सावित्री राय को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र मे उल्लेखनीय समाजिक व आर्थिक योगदान के लिए असम बुक आफ रिकार्ड( ।ठत)तिनसुकिया, असाम द्वारा डाक्टरेट की उपाधि से नवाजा है। ध्यातव्य है कि असम बुक आफ रिकार्ड शिक्षा,समाज सेवा, साहित्य,गीत,संगीत,नृत्य,कृषि, रोजगार,नशा मुक्ति आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले भारतीय नागरिकों का रिकार्ड तैयार करता है तथा वरीयता के अनुसार विविध सम्मानो और उपाधियो से अलंकृत करता है।यह संस्थान भारत सरकार के उच्च शिक्षा संस्थान तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशन मे काम करता है।यह संस्थान नेशनल टिचर रिकार्ड, व्यक्तिगत साहित्यिक रिकार्ड, समूहिक व संस्थागत रिकार्ड भी तैयार करता है।एबीआर स्त्री शिक्षा,नारी उत्थान,महिला सशक्तिकरण,समाजिक व संस्थागत कार्य आदि क्षेत्रों मे विशेष योगदान देने वालो का नाम संस्थान के प्रतिनिधि प्रस्तावित करते है।देश के विविधा क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्ताओ पर अंतिम निर्णय कोर कमेटी लेते हुए विविध सम्मानों की घोषणा करती है।इसी क्रम मे इस वर्ष देश के पांच महिलाओ को एबीआर की शीर्ष कमेटी की तरफ से डाक्टरेट की मानद उपाधि के लिए चुना गया है।इन पांच नामों मे नार्मल कालोनी बरहज,देवरिया की निवासी सुपरिचित समाज सेविका सावित्री राय को संस्थान द्वारा आमंत्रित कर वर्ष 2022 के अल्ट्रज्म डाक्टरेट की उपाधिा से सम्मानित किया गया।असम बुक आफ रिकार्ड की शीर्ष कमेटी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा0 मंजित शर्मा ने सावित्री राय के महिला उत्थान और तीस वर्ष के समाजिक कार्यो का एक रिकार्ड तैयार किए।इस रिकॉर्ड के अनुसार सावित्री राय का जीवन संघर्ष आम आदमी से सीधे जुड़ा है।इनके जीवन तथा संस्थागत व समाजिक योगदान को बृहद स्तर पर रेखांकित करती हुई पुस्तक की पाण्डुलिपि प्रकाशन हेतु तैयार है।इसके पूर्व भी सावित्री के समाजिक योगदान की सराहना संस्थान द्वारा किया जा चुका है।

सावित्री को संस्थागत कुशल संचालन,समाजिक व सामुदायिक कार्य,महिला सशक्तीकरण, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन के रूप मे न्यायिक अनुभव आदि कार्यो के समग्र मूल्यांकन के उपारान्त संस्थान द्वारा डाक्टरेट की उपाधि से अलंकृत किया गया। देवरिया की धरती से पहली बार समाज सेवी सावित्री राय को यह सम्मान दिया गया है।सावित्री मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के बरहज तहसील के अन्तर्गत स्थित लबकनी बासू गाँव की निवासी है।वर्तमान मे यह वाल विकास संस्थान देवरिया के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।

डाक्टरेट की उपाधि से नवाजे जाने पर सावित्री राय को आश्रम बरहज के पीठाधिश्वर आन्जनेय दास जी,विधायक बरहज दीपक मिश्रा जी,सर्वजन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नरायण चौबे जी,खण्ड विकास अधिकारी शशि पाण्डेय,सेवानिवृत उप कृषि निदेशक आरबी सिंह,पूर्व नपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता,छात्र नेता हिमाशु पाण्डेय,प्रख्यात गीतकार कवि वीरेन्द्र मिश्र बिरही,डा0 किरण पाठक,शिक्षक कौलेश्वर यादव व तमाम गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

# गुढ़ पुलिस ने तार चोरी करने वाले आरोपी को पहुँचाया सलाखों के पीछे

रीवा।पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन के निर्देशन पर एवं थाना प्रभारी गुढ़ अरविंद सिंह राठौर की सक्रियता से तार चोरी के आरोपी को किया गया गिरफ्तार दिनांक 30 जनवरी को फरियादी बृजेंद्र सिंह के द्वारा थाना गुढ़ में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी जो फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गढ़ में अपराध क्रमांक 40ध्23 धारा 379 के तहत कायम कर विवेचना की जा रही थी इस दौरान विवेचना मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 5 फरवरी को संदिग्ध राजन उर्फ रज्जन कोल पिता मोहन कोल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम ईटार पहाड़ थाना गुढ़ को पकड़ा गया उसके कब्जे से चोरी किया तार बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। जप्त सामग्री चोरी गया केविल तार कीमती 50,000 रुपये गिरफ्तार आरोपी (1) राजन कोल उर्फ रज्जन कोल पिता मोहन कोल उम्र 28 वर्ष निवासी ईटार पहाड़ थाना गुढ़, फरार आरोपी दो नफर मुख्य भूमिका थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ए एस आई तीरथ सिंह,प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा, आरक्षक अतुल पांडे, अंकित दुबे, मांधाता तिवारी, कौशलेंद्र सिंह, सैनिक राजेश सिंह सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर के अध्यक्ष एडवोकेट सिद्धनाथ पांडे के संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई गई

मध्यप्रदेश

सिरमौर!नगर पंचायत बैकुंठपुर वार्ड क्रमांक 14 में संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के कार्यवाहक अध्यक्ष सिरमौर विधानसभा के संघर्षशील नेता गिरीश सिंह जी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हाथ से हाथ जोड़ो ब्लॉक सिरमौर के प्रभारी आदरणीय शत्रुघन सिंह जी रहे कार्यक्रम के आयोजक मंडल अध्यक्ष मनोज नामदेव जी ध्वार्ड क्रमांक 14 के लल्लू साकेत जी तेदून मंडलम के अध्यक्ष राजेश सिंह जी पार्षद श्री संतोष सिंह जी मुख्य रूप से रहे!!कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश दयाल जी कार्यक्रम में उपस्थित सद्भावना प्रकोष्ठ ब्लॉक सिरमौर के अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री विष्णु प्रसाद शुक्ला जी( फरहद)जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के जिला महामंत्री रमेश पांडे( ददन जी )ध्कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह भोलेध्६ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम राज मिश्रा जी फरहद ध्कमल मिश्रा जीध्ध मंडलम बैकुंठपुर सेक्टर अध्यक्ष सज्जन सिंह जी) सेक्टर अध्यक्ष अजीत सिंह जीध युवा कांग्रेस नेता अभिषेक तिवारी जीध्कांग्रेस नेता रमेश पांडे जीध्कांग्रेस नेता ओम नारायण सिंह जीध पन्ना लाल सोनी जी पूर्व पार्षद ध्भारत खान जीध्कार्यक्रम की कवरेज कर रहे वरिष्ठ पत्रकार आदरणीय धर्मेंद्र सिंह जीध बेटी प्रशंसा वर्मा जीध सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं वार्ड क्रमांक 14 के जनता जनार्दन उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित किए आदरणीय गिरीश सिंह जी आदरणीय सिद्धनाथ पांडे जी आदरणीय शत्रुघ्न सिन्हा जी आदरणीय विष्णु प्रसाद शुक्ला जी रमेश पांडे जी मनोज नामदेव जी सहित कार्यक्रम को संबोधित किया और लल्लू साकेत जी के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 14 एवं 5के ७ के लोग भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता आदरणीय गिरीश सिंह जी आदरणीय सिद्धनाथ पांडे जी आदरणीय सत्रुघन सिंह सलैया जी विष्णु शुक्ला जी मनोज नामदेव जी के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और संकल्प लिए की इस बार तानाशाह धोखेबाज भ्रष्ट भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक देंगे और सिरमौर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का परचम लहराएंगे।

# काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच की पाक्षिक गोष्ठी आयोजित

वाराणसी। काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच वाराणसी की पाक्षिक गोष्ठी के क्रम में 77 वीं गोष्ठी संस्था के कार्यालय श्रीवास्तव म्यूचुअल फंड यादव कटरा सनबीम स्कूल लहरतारा तिराहे के पास चंदुआ छित्तूपुर में आयोजित की गई। इस गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ गजलकार श्री गोपाल केशरी ने की। विशिष्ट अतिथि श्री गिरीश पाण्डेय जी रहे। संचालन श्री मुनिन्द्र कुमार पाण्डेय ष्मुन्नाष जी ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सिद्धनाथ शर्मा षसिद्ध ष ने सभी उपस्थित कवियों व शायरों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उपस्थित कवियों और शायरों मे,श्री गिरीश पाण्डेय जी मुनीन्द्र कुमार पाण्डेय मुन्ना, जय प्रकाश मिश्र धानापुरी, टीका राम शर्मा आचार्य,विमल बिहारी जी, शायर आशिक बनारसी, वाहिद इकबाल, गोपाल केशरी, सिद्धनाथ शर्मा, व शैलेंद्र कुमार अम्बष्ट इत्यादि रहे। कार्यक्रम के अंत में वाराणसी व पूर्वांचल के वरिष्ठतम भोजपुरी के रचनाकार स्व. राम प्रवेश तिवारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख कर उन्हें सद्गति प्रदान करने के लिए से प्रार्थना की गई।




# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समारोह पूर्वक समापन



सहारनपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज जनधेडा समसपुर के तत्वाधान में ,राष्ट्रीय सेवा योजना( एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर का समापन, ग्राम नैनखेडा में किया गया ।समापन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि शिक्षाविद श्री आर के शर्मा व प्रधानाचार्य श्री राम कुमार ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया ।राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि श्री आर के शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व व उसके विद्यार्थी जीवन व सामान्य जीवन में लाभ को विस्तार से बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अति विशिष्ट अतिथि महाराज सिंह डिग्री कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, डॉक्टर अनिल कुमार ,वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सीमा सरयासर, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री ईश्वर पाल ,ग्राम प्रधान नैनखेडा व उच्च प्राथमिक विद्यालय नैनखेडा के प्रधानाध्यापक श्री राकेश कुमार ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया तथा सभी ने सात दिवसीय एनएसएस के शिविर की सफलतापूर्वक समापन की शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण व शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम संयोजक श्री मनोज पवार ,शिक्षक राजेंद्र कुमार बृजेश शर्मा, नरेंद्र कुमार, सतीश कुमार ,संदीप कुमार व नैन खेड़ा के ग्राम वासी तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्री राम कुमार व कार्यक्रम का संचालन बृजेश शर्मा ने किया ।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज पवार ने सभी का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से विकास यात्रा का जवाब देगी कांग्रेस

भोपाल। शिवराज सरकार द्वारा रविवार से प्रारंभ की गई विकास यात्रा का जवाब कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से देगी। इसमें होने वाली पदयात्रा के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग पर हो रहे अत्याचार, महिला अपराध, पिछड़ा वर्ग के हितों की अनदेखी, कर्मचारियों की समस्याएं, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरा जाएगा। साथ ही यह भी बताया जाएगा कि कमल नाथ सरकार ने जनहित में जो निर्णय लिए थे, उन्हें भाजपा सरकार ने बंद कर दिया।प्रदेश में कांग्रेस 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चला रही है। इसमें भाजपा सरकार की कथित असफलताओं को जनता के बीच रखा जाएगा। पार्टी के उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया ने बताया कि सरकार की नीतियों से समाज का हर वर्ग परेशान है। महंगाई चरम पर है। दूध की कीमतों में वृद्धि कर दी गई है।उन्घ्होंने कहा कि पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस पहले से महंगे हैं। अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के साथ अत्याचार की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। महिलाओं को बच्चों पर अत्याचार के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

किसानों के लिए कमल नाथ सरकार ने ऋण माफी योजना लागू की थी, लेकिन उसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ तक नहीं मिला है। निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार सामने आ चुका है। इन सभी बातों को जनता के बीच हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से ले जाकर सरकार की विकास यात्रा की वास्तविकता बताई जाएगी।इसके लिए सभी जिला इकाइयों की तथ्यात्मक जानकारियों उपलब्ध करा दी गई हैं। जल्द ही सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र भी राज्य, जिला और विधानसभा स्तर पर जारी किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस की इस तैयारी को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि कांग्रेस का जनता नकार चुकी है। वह अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर वर्ग को लाभांवित करने के लिए योजनाएं न केवल संचालित की जा रही हैं बल्कि उनके क्रियान्वयन की निगरानी भी हो रही है।

# श्रद्धांजलि समारोह एवं भण्डारा आयोजित, भक्तों ने चखा प्रसाद



प्रयागराज। दैवी सम्पद् मण्डल के परमाध्यक्ष परमहंस स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज के ब्राह्लीन होने पर माघी पूर्णिमा पर स्वामी भजनानन्द मृत्युंजय धाम, छतनाग रोड, झूंसी, में श्रद्वांजलि समारोह एवं भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्वांजलि सभा से पूर्व सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। उक्त कार्यक्रम दैवी सम्पद् मण्डल के उत्तराधिकारी महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती महाराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानंद महाराज, स्वामी जितेन्द्रानन्द महाराज यमहामंत्री अखिल भारती संत समिति, स्वामी चिन्मयानंद महाराज, स्वामी प्रेमदास महाराज मौनी बाबा रानीखेत, आचार्य राममूर्ति मिश्रा, स्वामी श्यामानंद, स्वामी निर्वेदानंद , स्वामी रामेश्वरानंद, स्वामी योगानंद सहित शहर के गणमान्य भक्तगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी भजनानन्द मृत्युंजय धाम के सचिव मनीष कपूर एवं विष्णु अग्रवाल की देखरेख में किया।

# अडानी की कंपनी की जाँच जे. पी. सी. से और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराएं सरकार



आम आदमी पार्टी प्रयागराज मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज मंडल आयुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय ज्ञापन सौंपा गया। जेपीसी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच और अदानी समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष गौतम अदानी के साथ साथ सभी संबंध महत्वपूर्ण लोगों के पासपोर्ट जप्त कराएं।जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव ने बताया भारत इस समय प्रधानमंत्री मोदी और अडानी की मिलीभगत से किये गए इतने बड़े वित्तीय घोटाले से स्तब्ध है और देश में आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। पिछले कुछ दिनों में देश के करोड़ों नागरिकों का अडानी की कम्पनी में साढ़े ग्यारह लाख करोड़ रुपया डूब गया जो उन्होनें अपने खून पसीने से बचत कर निवेश किया था। अडानी का ये घोटाला पकड़ा गया तो अडानी ग्रुप ने कहा की ये देश पर हमला है लेकिन हिंडनबर्ग ने तो अमरीका, जापान आदि देशों की कंपनियों का घोटाला भी उजागर किया फिर उन देशों के उद्योगपतियों ने ये नहीं कहा की ये उनके देश पर हमला है और अगर ये देश पर हमला है भी तो देश के प्रधानमंत्री मोदी को जरूर बोलना चाहिए लेकिन वो खामोश बैठे हैं। अडानी कोई भारत नहीं हैं और न ही भारत ही कोई अडानी हैं लेकिन देश का दुर्भाग्य की प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ अडानी से अपनी दोस्ती निभाते रहे और देशवासियों के साथ विश्वासघात किया। जनता ने ये पैसा अडानी की कंपनी में एस.बी. आई, पंजाब नेशनल बैंक और एल. आई. सी के माध्यम से निवेश किया था लेकिन पैसा डूबने के बाद अब मोदी जी खामोश हैं क्यूंकि उन्होनें देश के सारे संसाधन एक व्यक्ति गौतम अडानी को दे दिए जिसमें रेलवे, एयरवेज, कोयला, बिजली, पानी, सड़क, स्टील, तेल, सीमेंट, गैस इत्यादि शामिल है. राष्ट्रवाद की आड़ में अडानी – मोदी अपना भ्रष्टाचार छुपा नहीं सकते। सर्वेश यादव ने यह भी कहा मोदी जी अंग्रेजों का भारत बनाना चाहते हैं और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह जी शहीदों के सपनों का भारत बनाना चाहते हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ अल्ताफ अहमद ने कहां अडानी दुनिया के दो नंबरी का अमीर बनने के बाद भी वो भारत के टॉप 15 टैक्स पेयर की सूची में नहीं है, आखिर किसकी मेहरबानी से अडानी और उनके भाइयों ने मिलकर 38 फर्जी कंपनियाँ खोलकर देश के साथ फ्रॉड किया है। एल. आई. सी. से 74 हजार करोड़ रुपया अडानी को दिलवा दिया गया, एस बी आई से 35 हजार करोड़ रुपया कर्जा दे दिया गया जबकि एक मजदूर को अगर 35 हजार रूपये कर्जा लेना हो तो उसकी चप्पल धिस जाती है फिर भी आसानी से कर्जा नहीं मिलता। अल्ताफ अहमद ने कहा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद यूपी प्रभारी संजय सिंह द्वारा सदन में 267 के आधार पर अडानी के घोटाले पर चर्चा की मांग की. अमृतकाल में इस जहरीले घोटाले की जांच हो क्यूंकि इसमें निवेशकों के साढ़े ग्यारह लाख करोड़ रूपये डूब गए हैं लेकिन सरकार किसी भी हालत में जांच के लिए तैयार नहीं है। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ दिनेश उपाध्याय, जिला अध्यक्ष फतेहपुर वेद प्रकाश पटेल, जिलाध्यक्ष कौशांबी मोहम्मद असद, श्रम प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अंजनी मिश्रा, पल्लवी मालवीया, अरुण कुशवाहा, पूनम सिंह, जिला महासचिव उत्तर निखिल भारतीय, मोहम्मद कादिर, कप्तान पटेल, विशाल यादव, राहुल पटेल, गीता देवी, मित्रा कैथवास, अबू तालिब, विकास तिवारी, अमन कुमार,ज्योति प्रकाश चौबे, डॉक्टर अजमा प्रवीण, विजय यादव, अवधेश मौर्य, स्वाति चौरसिया, रेणुका राय, अनीता श्रीवास्तव, अरुण बिंद,धीरज तिवारी, गणेश चौरसिया, गज नफर अब्बास, रविंद्र श्रीवास्तव, सुभाष भारतीय, मोहम्मद अजमल, अनूप श्रीवास्तव, अर्पित साहू, आयुष तिवारी, मनीष द्विवेदी, हरेंद्र प्रताप ठाकुर, बसंत लाल बागी, रवि त्यागी, मोहम्मद जैद, सुष्मिता राघव, विमलेश सोनकर, हरीश वर्मा, डॉक्टर जावेद, राम लखन चौरसिया, सुमन विश्वकर्मा, विवेक जायसवाल, गुड्डू पासी आदि सैकड़ों साथी मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों में नवप्रवर्तन प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए तोड़ फोड़ जोड़ कार्यक्रम किया गया आयोजित

जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज द्वारा नवप्रवर्तन कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्कूली बच्चों मे नवप्रवर्तन प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए तोड़ .फोड़ .जोड़ कार्यक्रम का आयोजन महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैनी प्रयागराज में किया गयास इस कार्यक्रम में आईटीआई नैनी, आईईआरटी प्रयागराज तथा कौशल विकास मिशन और स्वयंसेवी संस्थाओं

के विशेषज्ञों द्वारा स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न उपकरण जैसे एलईडी बल्ब की रिपेयरिंग, बाइक रिपेयरिंग, सिलाई मशीन, टेलीविजन ,कार एसी, कंप्यूटर मोबाइल प्लंबरिग के उपकरणों के साथ इन के विभिन्न पार्ट्स उनकी क्रियाविधि तथा उपकरणों के पीछे निहित सिद्धांतों को विद्यार्थियों को समझायास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने बताया की साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग तथा मैथ (स्टेम )के समन्वय से देश वैज्ञानिक क्रांति की ओर अग्रसर हो रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि कैसे दिल्ली में चलने वाली एक छोटी सी इलेक्ट्रिक की दुकान हवेली राम एंड संस तकनीक का प्रयोग करके हैवेल्स कंपनी के रूप में स्थापित हो गई जो दुनिया के 150 देशों में अपना कारोबार करती हैस अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वैज्ञानिक तथा शिक्षाविद और पूर्व कुलपति प्रोफेसर केबी पांडे ने जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित किए गए तोड़फोड़ जोड़ कार्यक्रम की सराहना की है तथा बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा तकनीकी को गांव की ओर ले जाने की आवश्यकता हैस

कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी भारत के अधिशासी सचिव डॉ संतोष शुक्ला ने नवप्रवर्तन विषय पर अपना व्याख्यान दिया उन्होंने नवाचार तथा जुगाड़ में अंतर को कई उदाहरणों द्वारा समझायास कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्य आईटीआई नैनी सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने कौशल विकास मिशन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी छात्रों को प्रदानकी। कार्यक्रम के प्रारंभ में समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ लालजी यादव द्वारा तोड़फोड़ जोड़ कार्यक्रम तथा इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई स महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैनी की प्रधानाचार्य श्रीमती पूजा चंदोला ने सभी अतिथियों का स्वागत कियास

कार्यक्रम में टीएसएल नैनी के अवकाश प्राप्त प्रबंधक श्री शुभ शंकर सिंह प्रधानाचार्य डॉ आर डी शुक्ला श्रीमती ज्योत्सना सिंह आईईआरटी में सहायक प्रोफेसर डॉ यतींद्र गौरव डॉ कृष्ण कुमार डॉ रुपाली मिश्रा आईटीआई के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री मनीष कुमार श्री नितेश तिवारी कौशल विकास मिशन के विजय मौर्या श्रीमती सुशीला प्रमोद पाल सहित विभिन्न विद्यालय प्रतिभागी शिक्षक तथा छात्र छात्राएं सहित 300 लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुएस

# माघ मेला क्षेत्र में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के माध्यम से लोगों को दी गयी विधिक जानकारी

जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संतोष राय द्वारा दिनांक 11 फरवरी, 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार–प्रसार के लिए सोमवार को जनपद न्यायालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एडीजे प्रथम अनिरुद्ध तिवारी, मान वर्धन एडीजे, निर्भय प्रकाश एडीजे, निशा झा नोडल अधिकारी एडीजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद , सीजेएम दिनेश कुमार गौतम स्पेशल सीजेएम डॉक्टर लकी, मानस वत्स एसीजीएम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष चंद्र मौर्य इत्यादि उपस्थित रहे। प्रचार वाहन द्वारा माघ मेला क्षेत्र में आमजन व श्रद्धालुओं के बीच लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया। माघ मेला क्षेत्र में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को विधिक जानकारी प्रदान की गई तथा आमजन को कृष्ण कुमार एडीजे व अन्य अधिकारीगण द्वारा लोक अदालत से होने वाले फायदे व उसके लाभ के बारे में बताया गया। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद सुभाष चंद्र मौर्य द्वारा प्रदान की गई।



# विराट किसान मेले का आयोजन 08 फरवरी से 16 फरवरी तक अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान परिसर में

उप निदेशक कृषि श्री विनोद कुमार ने बताया है कि अखिल भारतीय सरदार पटेल, सेवा संस्थान अलोपीबाग परिसर में 08 फरवरी से 16 फरवरी 2023 तक विराट किसान मेले का आयोजन किया जायेगा। आयोजित विराट किसान मेले का उद्घाटन मा0 कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही के द्वारा 08 फरवरी को पूर्वान्ह 10:30 बजे किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि इस किसान मेले में कृषि एवं कृषि से सम्बंधित समस्त विभागों, संस्थायें, कृषि विश्वविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के साथ–साथ निजी संस्थाओं द्वारा स्टॉल एवं सजीव प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इस विराट किसान मेले में कृषि यंत्र विक्रेता तथा संस्थायें भी अपना स्टॉल लगाकर कृषि यंत्रों का प्रदर्शन एवं प्रचार–प्रसार करेंगी। इस मेले में जीरो बजट खेती, जैविक खेती, यौगिक खेती, आधुनिक वैज्ञानिक खेती, समेकित कृषि प्रणाली, कृषि विविधीकरण, मिलेट्स ( श्री अन्न ध पोषक अनाज) के प्रोत्साहन तथा किसानों की आय दोगुनी करने के दृष्टिगत अलग–अलग विषयों पर अलग–अलग तिथियों तथा दिवसों में गोष्ठियों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सम्बंधित विषयों के वैज्ञानिकगण एवं विषय वस्तु विशेषज्ञों की वार्ता आयोजित की जायेगी। मेले में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में देय सुविधाओं की जानकारी, राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा सजीव स्टॉल लगाकर जानकारी प्रदान की जायेगी। मेले में विभिन्न विभागों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा कृषि प्रदर्शनी लगाकर आधुनिक खेती एवं तकनीकी जानकारी दी जायेगी साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेगे।

# थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद अवैध देशी बम बरामद

आज दिनांक 07.02.2023 को थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर देवघाट मोड के समीप थाना क्षेत्र धूमनगंज से अभियुक्त रघुनन्दन चौहान पुत्र चौधरी सिंह चौहान नि0 शाह उर्फ पीपलगांव थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 02 अदद अवैध देशी बम बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारीध्बरामदगी के सम्बन्ध में थाना धूमनगंज में मु0अ0सं0 71ध2023 धारा 4ध5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

रघुनन्दन चौहान पुत्र चौधरी सिंह चौहान नि0 शाह उर्फ पीपलगांव थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, उम्र 24 वर्ष

बरामदगी का विवरण–

02 अदद अवैध देशी बम

पंजीकृत अभियोग का विवरण–

मु0अ0सं0 71ध2023 धारा 4ध5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 थाना धूमनगंज

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम–

1.उ0नि0 अखण्ड प्रताप सिंह थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज

2.का0 धनन्जय शर्मा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज




# थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01-01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर मय 01-01 अदद अवैध कारतूस .315 बोर बरामद

थाना धूमनगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0– 60ध2023 धारा 307ध504ध506ध120बी भा0द0सं0 के वांछित अभि0गण मो0 अशद उर्फ एल एक्स पुत्र मो0 मोटे उर्फ मो0 अहमद नि0 लालबिहारा अंकुर नर्सिंग होम के पास थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज, 2. शुभम सिंह पुत्र शिवम सिंह नि0 चिल्ला मुनजफ्ता पो0 गांजा थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 20 वर्ष हाल पता 3–ज्ब 4जी प्त्ज्डज्ब झलवा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से क्रमशरू 01–01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर मय 1–1 अदद अवैध जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारीध बरामदगी के सम्बन्ध में थाना धूमनगंज में मु0अ0सं0 69ध 2023 धारा 3ध25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 70ध2023 धारा 3ध25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–1. मो0 अशद उर्फ एल एक्स पुत्र मो0 मोटे उर्फ मो0 अहमद नि0 लालबिहारा अंकुर नर्सिंग होम के पास थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज उम्र करीब 20 वर्ष 2. शुभम सिंह पुत्र शिवम सिंह नि0 चिल्ला मुनजफ्ता पो0 गांजा थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 20 वर्ष हाल पता 3–ज्ब 4जी प्त्ज्डज्ब झलवा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज पंजीकृत अभियोगध्आपराधिक इतिहास मो0 अशद उर्फ स्न– 1. मु0अ0सं0 60ध 2023 धारा 307ध504ध506ध 120बी भा0द0सं0 2. मु0अ0सं0 69ध2023 धारा 3ध 25 आर्म्स एक्ट3. मु0अ0सं0 70ध2023 धारा 3ध 25 आर्म्स एक्ट4. मु0अ0सं0 651ध2017 धारा 147ध323ध504ध506ध452ध 427ध354ए भा0द0वि0 व 7ध 8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत अभियोगध्आपराधिक इतिहास शुभम सिंह – 1. मु0अ0सं0 60ध2023 धारा 307ध504ध506 भा0द0सं0 2. मु0अ0सं0 69ध2023 धारा 3ध 25 आर्म्स एक्ट3. मु0अ0सं0 70ध2023 धारा 3ध 25 आर्म्स एक्ट गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 रणविजय सिंह थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज2. उ0नि0 श्री अखण्ड प्रताप सिंह थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज3. का0 धनन्जय शर्मा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज4. का0 अभिनव दीक्षित थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज5. क0 कपिल बाब थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज

# थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा शांति भंग की आशंका के दृष्टिगत 04 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 151 107 116 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी

आज दिनांक 07.02. 2023 को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत 04 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 151ध107ध116 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–

1. प्रमीत दुमन पुत्र दलवीर दुमन निवासी ग्राम रोहतक बहलवा थाना महेम हरियाणा हालपता सेन्ट जान्स स्कुल रामपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज

2. हिमांशु तिवारी पुत्र जयराम तिवारी निवासी ग्राम लवायन खुर्द चटकहना थाना औ.क्षेत्र जनपद प्रयागराज

3. नीरज पुत्र भागीरथी निवासी ग्राम भटौती नन्दा का पुरा थाना मेजा प्रयागराज उम्र करीब 25 वर्ष

4. विजय पुत्र शिवलाल निवासी इशौटा थाना मेजा प्रयागराज उम्र करीब 22 वर्ष

पुलिस टीम का विवरणः–

1. उ0नि0 अतुल कुमार मिश्र थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज

2. उ0नि0 प्रहलाद पाल थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज

3. का0 अमित कुमार गुप्ता थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज

4. का0 श्यामसुन्दर थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज

# थाना मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी गिरफ्तार

थाना मुट्ठीगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 07.02.2023 को मा0न्या0 |ब्श्रड–09 इलाहाबाद के केस नं0– 3048ध14 अ0सं0 180ध 07 मु0नं0– 3297ध2020 धारा 292, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 51ध52एध 63 कापी राइट अधि0–1957 व धारा 4ध5 स्त्री अशिष्ट निरुपण अधि0 से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त बबलू उर्फ धीरेन्द्र यादव पुत्र कृष्णा लाल यादव नि0– 171 ऊँचामण्डी मालवीय नगर थाना मुट्ठीगंज प्रयागराज को ऊँचामण्डी थाना क्षेत्र मुट्ठीगंज से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण–

बबलू उर्फ धीरेन्द्र यादव पुत्र कृष्णा लाल यादव नि0– 171 ऊँचामण्डी मालवीय नगर थाना मुट्ठीगंज प्रया0 उम्र 40 वर्ष ।

संबन्धित अभियोग का विवरण–

केस नं0– 3048ध14 अ0सं0 180ध07 मु0नं0– 3297ध2020 धारा 292, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 51ध52एध 63 कापी राइट अधि0–1957 व धारा 4ध5 स्त्री अशिष्ट निरुपण अधि0 मा0न्या0 |ब्श्रड–09 इलाहाबाद

गिरफ्तारीध्बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 मनोज कुमार सिंह थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज ।

2. का0 मनोज कुमार यादव थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज ।

# सम्पादकीय

## रहस्य

सरिता की आत्महत्या सबके लिये आश्चर्य का विषय था,कोई नहीं जानता था सरिता को,पूरे परिवार में वही तो एक सुशील ,समझदार,मेहनती व सुंदर थी ।सबका स्याल रखती। पति,बच्चे, सास,सुसर,देवर,देवरानियों सबसे बहुत खुश थे ।सबका काम करती सबका ध्यान रखती ।सारे मोहल्ले में उसकी प्रायः सभी लोग प्रशंसा करते थे,उसके व्यवहार,सभ्यता व आदर्श की सबके लिये उसकी आत्महत्या रहस्य बन गई आखिर उसने ऐसा क्यों किया ।क्या परेशानी थी वह तो बहुत समझदार व सुशील थी सबका ध्यान रखती,,आदि यह चर्चा चल रही थी उसी बीच उसका 10 साल का पुत्र बीच मे बोल उठा, हा, मम्मी सबका ध्यान रखती पर मम्मी का ध्यान कोई नहीं रखता,,उसकी इस बात से एकदम सन्नटा छा गया,सब खमोश हो गये ओर उसकी आत्महत्या का रहस्य जान गये डॉ रामशंकर चंचल । झाबुआ ।म ।प्र ।

## अभिशप्त औरत !

जिस उम्र में युवा अपना कैरियर बनाने के बाद सोचते हैं ।उस उम्र में संकेत और शिखा का प्रेम परवान चढ़ने लगा। शैशव की अतृप्त कामनाएं साकार होकर बावला बनाने लगी ।परिवार समाज की चिंता किए बिना दोनों नित नए वादे कसमें खाने लगे। माता–पिता की आंखों में धूल झोंककर तीसमार खां बनते रहे। लड़कपन की जिद के सामने परिवार को नतमस्तक होना पड़ा। दोनों शादी के बंधन में बंध गए। दो बच्चे हो गए ।पारिवारिक जिम्मेदारियों से अनभिज्ञ संकेत शिखा पर दोषारोपण करने लगा ।आकर्षण की खुमारी जल्दी ही उतरने लगी। सात जन्म तक साथ निभाने की कसमें खोखली साबित हुई ।धीरे–६ ीरे मांसल आकर्षण बोझ लगने लगा। हवाई सपने दिखाकर अपने प्रेम जाल में फंसाने वाला संकेत एक नंबर का गंजेड़ी भंगड़ी निकला। नशे का गुलाम हो गया ।आए दिन मारपीट, प्रताड़ना, गाली गलौज उसकी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बन गया।

संकेत (शिखा से) ष तुमने मुझे अपने प्रेम जाल में फंसाकर मेरा जीवन बर्बाद कर दिया।ष

शिखा ष माता पिता के विरोध के बावजूद मैंने आपसे शादी की है। सोचा था शादी के बाद सुधर जाओगे लेकिन मैं गलत साबित हुई ।संकेत ष मैं स्वतंत्र रहना चाहता हूं। तुमसे शादी मेरे जीवन की सबसे बड़ी भूल है।शिखा षआपने मुझे अंधेरे में रखा। मेरे सामने भले आदमी होने का नाटक करते रहे। पीठ पीछे अय्याशी में लगे रहे ।संकेत ष मेरी धन दौलत को हड़पने के लिए तुमने मेरा इस्तेमाल किया है। तुमसे शादी के अतिरिक्त उस समय मेरे पास कोई विकल्प नहीं था ।संकेत आए दिन देर रात नशे में ६ ुत होकर घर लौटता । शिखा से मारपीट करता । यदा–कदा अपनी प्रेमिका को घर लाने लगा ।दो बच्चों की मां बन चुकी शिखा बच्चों में अपना भविष्य तलाशने लगी। संकेत को दोनों बच्चों से कोई मतलब नहीं। आए दिन उनके साथ मारपीट करता। मजबूरन शिखा को नौकरी करना पड़ा। उसने पूरा ध्यान बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर केंद्रित कर दिया। शंकालु प्रवृत्ति का संकेत शिखा पर चरित्रहीन होने के अनर्गल आरोप भी लगा देने से बाज नहीं आया ।बच्चों के खातिर शिखा शातिर पति संकेत के विरुद्ध कार्यवाही करने से झिझकती रही। रोज–रोज अपमानित होकर जीवन जीने की उसे आदत हो गई। अब उसे संकेत का व्यवहार सामान्य लगने लगा। एक छत के नीचे अभिशप्त जीवन जीना उसकी मजबूरी बन गई। शिखा को कुछ बेहतर विकल्प भी मिले। लेकिन वह अपना और अपने बच्चों का भविष्य दाव पर नहीं लगाना चाहती। लोक लाज की मारी शिखा मन मसोसकर चारदीवारी में स्वेच्छा से कैद हो गई। रमेश चंद्र शर्मा इंदौर।

## मदद

सुबह आठ बजे मैं अपने शहर से दूसरे शहर जाने के लिए घर से निकला । मैं रेलवे स्टेशन पँहुचा , पर देरी से पँहुचने के कारण मेरी ट्रेन निकल चुकी थी । मेरे पास दोपहर की ट्रेन के अलावा कोई चारा नही था । मैंने सोचा कही नाश्ता कर लिया जाए । बहुत जोर की भूख लगी थी । मैं होटल की ओर जा रहा था । अचानक रास्ते में मेरी नजर फुटपाथ पर बैठे दो बच्चों पर पड़ी । दोनों लगभग 8–10 साल के रहे होंगे . ।बच्चों की हालत बहुत खराब थी । कमजोरी के कारण हलात साफ दिखाई दे रहे थे ।वे भूखे लग रहे थे । छोटा बच्चा बड़े को खाने के बारे में कह रहा था और बड़ा उसे चुप कराने की कोशिश कर रहा था । मैं अचानक रुक गया ।दौड़ती भागती जिंदगी में पैर ठहर सा गया । जीवन को देख मेरा मन भर आया । सोचा इन्हें कुछ पैसे दे दिए जाएँ । मैं उन्हें दस रु. देकर आगे बढ़ गया तुरंत मेरे मन में एक विचार आया कितना कंजूस हूँ मैं ! दस रु. का क्या मिलेगा ? चाय तक ढंग से न मिलेगी ! स्वयं पर शर्म आयी फिर वापस लौटा । मैंने बच्चों से कहा दृ कुछ खाओगे ? बच्चे थोड़े असमंजस में पड़ गए ! जी । मैंने कहा बेटा ! मैं नाश्ता करने जा रहा हूँ , तुम भी कर लो ! वे दोनों भूख के कारण तैयार हो गए । मेरे पीछे पीछे वे होटल में आ गए । उनके कपड़े गंदे होने से होटल वाले ने डांट दिया और भगाने लगा । मैंने कहा भाई साहब ! उन्हें जो खाना है वो उन्हें दो , पैसे मैं दूँगा ।होटल वाले ने आश्चर्य से मेरी ओर देखा. .! उसकी आँखों में उसके बर्ताव के लिए शर्म साफ दिखाई दी । बच्चों ने नाश्ता मिठाई व लस्सी माँगी । सेल्फ सर्विस के कारण मैंने नाश्ता बच्चों को लेकर दिया । बच्चे जब खाने लगे , उनके चेहरे की खुशी कुछ निराली ही थी । मैंने भी एक अजीब आत्म संतोष महसूस किया । मैंने बच्चों को कहा बेटा ! अब जो मैंने तुम्हे पैसे दिए हैं उसमें एक रु. का शैम्पू ले कर हैण्ड पम्प के पास नहा लेना ।और फिर दोपहर शाम का खाना पास के मन्दिर में चलने वाले लंगर में खा लेना ।मैं नाश्ते के पैसे चुका कर फिर अपनी दौड़ती दिनचर्या की ओर बढ़ निकला ।वहाँ आसपास के लोग बड़े सम्मान के साथ देख रहे थे । होटल वाले के शब्द आदर में परिवर्तित हो चुके थे । मैं स्टेशन की ओर निकला , थोडा मन भारी लग रहा था । मन थोडा उनके बारे में सोच कर दुरूखी हो रहा था । रास्ते में मंदिर आया । मैंने मंदिर की ओर देखा और कहा दृ हे भगवान ! आप कहाँ हो ? इन बच्चों की ये हालत ! ये भूख आप कैसे चुप बैठ सकते हैं ! दूसरे ही क्षण मेरे मन में विचार आया , अभी तक जो उन्हें नाश्ता दे रहा था वो कौन था ? क्या तुम्हें लगता है तुमने वह सब अपनी सोच से किया ? मैं स्तब्ध हो गया ! मेरे सारे प्रश्न समाप्त हो गए । ऐसा लगा जैसे मैंने ईश्वर से बात की हो ! मुझे समझ आ चुका था हम निमित्त मात्र हैं । उसके कार्य कलाप वो ही जानता है , इसीलिए वो महान है !

## बड़ी वेदना और पीड़ा के बाद जन्म लेता है सर्जनात्मक लेखन वहीं सार्थक होता है



डॉ राम शंकर चंचल

साहित्य की कोई भी विधा का लेखन वहीं सार्थक होता है जो किसी प्रसव पीड़ा की वेदना सा मन को पीड़ित करता है फिर जन्म लेता है वहीं लेखन काल जयी स्थाई होता है. लिखने के लिए गया लेखन या नाम के लिए या किसी की तारीफ मे लिखा लेखन या अपनी भाषा और शैली का प्रभाव देखने के लिए किया लेखन कई तरह के होते है असली लेखन वहीं है जो हमें बहुत समय तक भीतर ही भीतर पीड़ा देता है जिसमे मानवता का समावेश होता है वहीं सार्थक लेखन होता है और स्थाई भी जो मन और आत्मा से होता कागज पर उतरता चला जाता है जिसे बार बार पड़कर सही करने की आवश्यकता नहीं होती हैं. आज बहुत ही कम दिखाई देता है यह लेखन बिना संवेदना और मानवीयता के लिखा लेखन कुछ पल का होता है.व यही वजह है कि हर किसी को हर किसी की रचना प्रभावित नहीं कर पाती हैं.जो दिख रहा है वो लिखना लेखन या कहे कविता , कथा नहीं है जो नहीं दिख रहा है वो लिखना या कहे उस चीज के या व्यक्ति के भीतर जो चल रहा है उसे लिखना पढ़ना ज्यादा सार्थक कार्य होता है.एक कवि और लेखक में यही तो अंतर है कवि जहाँ न पहुंचे रवि यूँ ही नहीं कहाँ गया हैआवश्यकता है आज इस तरह के सार्थक और कालजयी लेखन की जिसका नितांत अभाव है डॉ राम शंकर चंचल झाबुआ मध्य प्रदेश।

## ऊंट के मुंह में जीरा के समान आपदा का मुआवजा

अगर एनडीएमए के प्रावधानों से मुआवजा बांटा जाता है तो जनाक्रोश भड़कने का अंदेशा है। वहां लोग पहले ही आक्रोशित हैं और निरंतर ६ ारने–प्रदर्शन चल रहे हैं। मुआवजे के मुद्दे के अलावा गुस्से का कारण जोशीमठ संकट पर चेतावनियों के बावजूद सरकार का चुप बैठे रहना भी है ।आपदाग्रस्त जोशीमठ में प्रभावितों को मुआवजे का मामला उत्तराखण्ड सरकार के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। अपने को अधिक संवेदनशील साबित करने के लिए राज्य सरकार अब तक का सबसे बेहतर मुआवजा पैकेज देने का वायदा तो कर रही है, लेकिन वह सबसे बेहतर पैकेज क्या होगा, यह तय करने में सरकार के पसीने छूट रहे हैं, क्योंकि राज्य सरकार आर्थिक रूप से प्रभावितों को सन्तुष्ट करने की स्थिति में नहीं है और केन्द्र सरकार के नियम ऊंट के मुंह में जीरा के समान ही हैं।ऐसी स्थिति में आंच केन्द्र सरकार की ओर भी जा रही है, क्योंकि मुआवजा केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के नियमों के हिसाब से ही बंटना है और वे नियम घावों पर नमक छिड़कने के जैसे ही हैं। यहां सवाल केवल सम्पत्ति की क्षति का नहीं बल्कि आजीविका की क्षति का भी है। सवाल लोगों के जीवन और उनके सपनों के बिखरने का भी है ।जोशीमठ पर एडीएमए की बैठक टली जोशीमठ को लेकर 4 फरवरी को दिल्ली में एनडीएमए की बैठक बुलाई गयी थी जो कि अपरिहार्य कारणों से टल गई। जबकि जोशीमठ के हजारों प्रभावित परिवार ही नहीं बल्कि उत्तराखण्ड सरकार भी उस बैठक पर टकटकी लगाए बैठी थी। उस बैठक में उत्तराखण्ड और इस मामले में अध्ययनरत सभी विशेषज्ञ संस्थानों के प्रतिनिधि बुलाए गए थे। इन विशेषज्ञ संस्थानों ने बैठक में अपने अध्ययन की प्रारंभिक रिपोर्ट पेश करनी थी। साथ ही जोशीमठ के सुरक्षित पुनर्वास पर भी चर्चा होनी थी। राज्य सरकार को उम्मीद थी कि बैठक के निष्कर्षों के आधार पर एमडीएमए पुनर्वास के लिए एक पैकेज भी घोषित करेगा ।एनडीएमए के नियमों के अनुसार इस तरह की आपदा की स्थिति में केवल आवासीय भवनों, घरेलू सामान के नुकसान, खेतों और बगीचों के नुकसान आदि के लिए ही मुआवजे का प्रावधान है। इसमें होटल, दुकान या किसी भी आर्थिक गतिविधि वाले व्यावसायिक केन्द्र के नुकसान के लिए मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है ।एनडीएमए के नियमों में स्पष्ट किया गया है कि व्यावसायिक गतिविधियों वाले केन्द्र को मुआवजे से बाहर रखा गया है। यह प्रावधान संभवतः इंश्योरेंस की व्यवस्था के कारण रखा गया है। जबकि जोशीमठ बदरीनाथ यात्रा का बेस होने के साथ ही पर्यटन और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण एक प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। वहां कई मंजिले होटलों के अलावा यात्रा सीजन में भीड़ को देखते हुए घरों पर ही यात्रियों के ठहरने के लिए कमरे बनाए हुए हैं। छोटे दुकानदरों, ढाबों और खोमचों का कोई बीमा नहीं है। अगर एनडीएमए के प्रावधानों से मुआवजा बांटा जाता है तो जनाक्रोश भड़कने का अंदेशा है। वहां लोग पहले ही आक्रोशित हैं और निरंतर ६ ारने–प्रदर्शन चल रहे हैं। मुआवजे के मुद्दे के अलावा गुस्से का कारण जोशीमठ संकट पर चेतावनियों के बावजूद सरकार का चुप बैठे रहना भी है और अब जबकि जोशीमठ का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा धंस गया है तो सरकारी तंत्र सक्रिय होकर बचाव के प्रयास कर रहा है ।अब तक राज्य सरकार प्रभावित 233 भूस्वामियों और लगभग 105 किराएदारों को लगभग 4 करोड़ की आर्थिक सहायता दे चुकी है। इसमें मूल निवासियों को डेढ लाख और किरोदारों को 50–50 हजार की सहायता शामिल है। एनडीएमए के नियमों के अनुसार राज्य सरकार पहले ही मानकों से अधिक धन दे चुकी है ।एनडीएमए के नियमों में पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त आवासीय भवन का मुआवजा पहाड़ी क्षेत्रों में 1,30,000 रुपये प्रतिघर और मैदानी क्षेत्र में 1,20,000 प्रति घर तय है। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पक्के घर का मुआवजा 65,000 रुपये तथा कच्चे घर का 40,000 रुपये तय है। मकानों के साथ ही क्षतिग्रस्त झोपड़ी के लिए 8000 रुपये तथा पशुओं के बाड़े के लिए 3000 रुपये का मुआवजा तय है। इसी तरह बाढ़ की स्थिति में 3 सेमी तक गाद हटाने के लिए अधिकतम् 18,000 रुपये और न्यूनतम् 2200 रुपये तय है ।जोशीमठ में बाढ़ नहीं आई, इसलिए गाद का सवाल ही नहीं। मगर वहां गहरी और चौड़ी दरारों के कारण खेत ही बेकार हो गए हैं। हल चलाते समय हल और बैल दानों ही दरारों और गड्ढों में फंस सकते हैं। जमीन भी खिसक रही हो तो फिर खेत कैसे सुरक्षित रह सकते हैं। मुआवजे में बागवानी फसलों के लिए वर्षा सिंचित क्षेत्रों में 8,500 प्रति हेक्टेयर अधिकतम और 1,000 रुपये न्यूनतम तय है। इसी तरह सुनिश्चित सिंचित क्षेत्रों में अधिकतम मुआवजा 17,000 और न्यूनतम् 2,000 रुपये है। बारामासी फसलों, एग्रो फारेस्ट्री (अपने खेतों में वृक्षारोपण) पर अधिकतम 22,500 और न्यूनतम 2,500 न्यूनतम प्रति हेक्टेयर है ।ऐरी, मलबरी, और टसर के लिए 6,000 रुपये प्रति हेक्टेअर और मूंगा के लिए 7,500 प्रति हेक्टेअर तय है। अगर सरकार इस हिसाब से मुआवजा बांटती है तो उसे भारी जनाक्रोश का सामना करना पड़ेगा। करोड़ रुपए तक के मकान के लिए 1लाख 30 हजार दोगे तो लोग भड़केंगे ही।

भूधंसाव के कारण बरबाद हो रहे जोशीमठ में 30 जनवरी तक 863 मकानों पर दरारें हैं और केवल 181 को असुरक्षित घोषित किया गया था। सरकारी भाषा में मकानों को पूर्णरूप से या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घोषित नहीं किया गया है। सरकार द्वारा जो एक्सग्रेसिया दिया जाना है वह क्षति के आधार पर ही दिया जाना है। जिन मकानों के नीचे धरती खिसक रही हो उनमें चाहे जितनी और जैसी भी दरारें हो, उन्हें कैसे सुरक्षित या आंशिक क्षतिग्रस्त माना जा सकता है? इसलिए जितने भी मकान भूधंसाव के क्षेत्र में हैं वे सभी खतरे में हैं और उनको पूर्ण क्षतिग्रस्त ही माना जा सकता है।

आपदा का मुआवजा अलग–अलग नहीं हो सकता

बदरीनाथ में मास्टर प्लान के तहत निर्माण कार्य के लिए सरकार ने पुराने मकान, सराय और होटल, और निजी आवास आदि ध्वस्त करा दिए। इसलिए जोशीमठ के आपदा प्रभावित अपने लिए भी बदरीनाथ के जैसा मुआवजा और पैकेज चाहते हैं। कुछ लोग टिहरी बांध विस्थापितों का जैसा पैकेज देने की बात कर रहे हैं। मगर राज्य सरकार आर्थिक रूप से उस स्थिति में नहीं है ।बदरीनाथ में भारत सरकार के हिसाब से और उसी के परिव्यय से काम हो रहा है। टिहरी में बांध बनाकर प्रतिदिन अरबों रुपये के राजस्व अर्जित करने के लिए लोगों को विस्थापित किया गया। इसलिए टीएचडीसी के लिए मुआवजे की मुंहमांगी रकम देना मुश्किल नहीं था। किसी बड़े परियोजन के लिए हुए पुनर्वास और आपदा के कारण पुनर्वास के नियम बिल्कुल अलग होते हैं। जोशीमठ में एनडीएमए के 10 अक्तूबर 2022 को संशोधित नियमों और मानकों के अनुसार ही मुआवजा दिया जाना है। एनडीएमए केवल जोशीमठ के लिए अपने नियमों से बाहर नहीं जा सकता। अगर ऐसा हुआ तो सारे देश में उसी हिसाब से आपदा मुआवजा देना होगा। अगर राज्य सरकार अपनी ओर से मुआवजे की अतिरिक्त राशि देती है तो आपदाओं की दृष्टि से अति संवेदनशील उत्तराखण्ड में अन्य स्थानों में भी उतना ही मुआजा देना देना पडेगा ।उत्तराखण्ड में हर साल भूस्खलन, त्वरित बाढ़, बिजली गिरने, एवलांच जैसी प्राकृतिक आपदाएं होती रहती है सबसे बड़ा भूकम्प का खतरा तो हर समय मंडराता ही रहता है। अगर बदरीनाथ के पैटर्न पर मुआवजा दिया गया तो प्रदेश भर में आपदा प्रभावितों को उसी पैटर्न पर मुआवजा दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में मुआवजे के मानकों में आम लोगों की आजीविका को अवश्य शामिल किया जाना चाहिए।

## राजस्थान की लोकाचार और परंपराएँ

ऐतिहासिक रुप से राजस्थान लोकाचार और परंपराओं का मूल, वेद की ऋचाओं में पाया जाता है। इन ऋचाओं में प्रत्येक व्कत्ति के संस्कारों के लिए आवश्यक कर्मकांडों और विधी – विधानों की विस्तृत चर्चा है। दरअसल राजस्थान के लोकाचार और परंपराएँ वैदिक विधि – विधानों और कर्मकांडों के ही क्षेत्रीय स्वरुप हैं। हजारों सलों से राजस्थानी लोगों ने जन्म से मृत्यु तक हर अवस्था में वेदों के निर्देशों का श्रद्धापूर्वक पालन किया है। लेकिन उन्होंने समय – समय पर कुछ स्थानीय विध्ि ा – विधानों और कर्मकांडों को इन वैदिक कर्मकांडों में जो दिया है। इस तरह वे अपना विशिष्ट राजस्थान स्वरुप ग्रहण करते हैं, जो और भी रंगीन और अद्‌भुत हैं। वेदों के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से मृत्यु के बीच अनेक विधि – विधान करने होते हैं जिन्हें संस्कार कहा जाता है। इन संस्कारों की कुल संख्या सोलह है तथा ये जीवन की तीन प्रमुख घटनाओं – जन्म, विवाह और मृत्य से संबंधित हैं।

गर्भधारण रू राजस्थान में बच्चों के जन्म के साथ कम से कम नौ प्रमुख विधि – विध्ाान प्रचलित हैं। इनमें से पहला है – गर्भधारण समारोह। जन दुल्हन पहली बार गर्भधारण करती है तो इसे परिवार के लिए शुभ माना जाता है और खूब खुशियाँ मनाई जाती हैं। प्रियजन लडकी के पास जाकर उसे बधाई देते हैं। वे ढोलक के साथ आपस में मिलकर गाते हैं और अपने अपार हर्ष की अभिव्यक्तति करते हैं। ये गाने महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि ये प्रत्येक महीने लडकी के शरीर, मानसिक अवस्था और व्यवहार तथा पसंदगी – नापसंदगी में होने वाले परिवर्तनों का वर्णन करते हैं।

आठमासारू

गर्धारण के आठवें महिने में बच्चे की सुरक्षा के लिए अठमासा नामक विधि – विधान संपन्न किया जाता है। परिवार के लोग लडकी के निवास पर इकट्ठे होकर गृहदेवता से सुरक्षित प्रसव की प्रार्थना करते हैं। वे इस्टदेव के मंदिर में जाकर आशीर्वाद मांगते हैं। इस अवसर पर रात भर गाना चलता है। औरतें शाम को एक जगह इकट्ठी होकर रात भर गाना गाती हैं। गर्भ के आठवें महीने हर रोज मिठाइयाँ बांटी जाती हैं, और ६ ानी लोग इस अवसर पर भोजन का भी आयोजन करते हैं। इस आयोजन में सबसे मजेदार बात यह है कि इस अवसर पर गर्भवती महिला को परिवार की रानी माना जाता है। दूर – दराज से परिवार के संबंधीगण उसके पास पहंचते हैं और अपने हाथों से उसे खाना खिलाते हैं। परिजनों के द्वारा गर्भवती स्त्री को भव्य भोजन करवाया जाता है। करीब – करीब एक महीने तक उसे समुदाय की नायिका जैसा सम्मान मिलता है। 21 फरवरी 1783 के दस्ती दस्तावेजों के अनुसार मध्य युग में भी यह आयोजन बडे धूमधम से मनाया जाता था। इसे सीमांतोनयन कहते थे। इस अवसर पर हवन और स्थानीय विधि – विधान संपन्न किए जाते थे।

जातकर्म आयोजन रू

बच्चे के जन्म के बाद एक चम्मच मधु और घी खिलाकर जन्म – संबंधी आयोजन की शुरुआत होती है। लडके का जन्म होने पर घर की कोई बुजुर्ग महिला तांबे तांबे की थाली बजाकर लोगों को सूचित करते है। इस प्रकार पूरे समुदाय को जन्म की सूचना मिल जाती है। लोग आकर परिवार को बधाइयाँ देते हैं। जिन लोगों के पास बंदूकों होती हैं वे बच्चे के जन्म की घोषण बंदूकों दाग कर करते हैं। परिवार के पुरीहित को बुलाकर जन्म कुंडली बनवाने के लिए जन्म का जन्म का दिन और समय लिखवा दिया जाता है। दोस्तों और संबंधियों को मिठाइयाँ भेजी जाती हैं। इस समारोह के अवसर पर रात भर गाने का कार्यक्रम भी चलता है। जहाँ बेटे का जन्म परिवार में अपार हर्ष का विषय होता है, वहीं बेटी दुख और मात्म लेकर आती है। स्त्री अपने पति की बांहों में सिमटकर रोती है और दूसरे बच्चे के लिए प्रार्थना करती है। यह अवसर चुपचाप बीत जाता है। न मिठाई, न कोई आयोजन और न ही संबंधियों के नाम कोई चिट्ठी। बेटी के जन्म में ये सब नहीं होता है।

परंपरागत ढंग से राजस्थान में कभी भी बेटी के जन्म का स्वागत नहीं किया जाता। मध्ययुग में भी बेटी के जन्म के अवसर पर कोई समारोह आयोजित नहीं किया जाता था। जेम्स टॉड अपनी किताब श एनल्स एंड एंटीक्वीटीज ऑफ राजस्थान श में करते हैं, बेटी के जन्म के बाद भी व्यक्तति जच्चा से चिंता भरी पूछताछ नहीं करता, नवजात का भी कोई स्वागत नहीं होता नवजात एक अवांछित घुसपैठिए की तरह देखा जाता है। बेटी के जन्म के साथ ही आनेवाली चुप्पी बेलात दुख की अभिव्यक्ति कर देती है।

## राज - परिवारों में बेटे का जन्म ऐतिहासिक घटना



राज – परिवारों में बेटे का जन्म ऐतिहासिक घटना माना जाता था और इसके लिए महीने भर समरोह होते थे। कुछ महाराज अपनी पूरी राजधानी को इस अवसर पर खिलाते थे। विशेषकर जयपुर को आमंत्रित करते थे और भोज तब तक चलता था जब तक कि वहाँ का हर व्यक्तति खा नहीं लेता था। महाराज के जन्म की वर्षगाठ पर पूरे राज्य में स्कूली बच्चों के बीच मिठाइयाँ बांटी जाती थीं।

नामकरणरू

बच्चे के जन्म के ग्यारहवें या एक सौ एकवें दिन नामकरण संस्कार किया जाता है। परिवार के पुरीहित को संस्कार कर्म के लिए आमंत्रित किया जाता है। वह वेद मंत्रों का पाठ करता है और बच्चे को आशीर्वाद देता है। इस दिन बच्चे का नाम रखा जाता है। परिवार और पास – पडोस की महिलाँए जमा होती हैं, गाने गाती है और बच्चे को शुभकामनाएँ देती हैं। कुल – देवता की पूजा की जाती है और पुरोहित को दान दिया जाता है। मध्यकाल में नामकरण संस्कार जन्म के दसवें या चालीसवें दिन किया जाता था। बच्चे को एक नाम दिया जाता था। बच्चे की जन्म कुडली बनाई जाती थी जिसमें उसके शुभ – अशुभ ग्रह – नक्षत्रों का विवरण होता था। कुल – पुरोहित जन्म – कुंडली बनाते हैं।

पनघट पूजन रू

बच्चे के जन्म के कुछ ही दिन बाद, परिवार और पास – पडोस की पहिलाएँ माँ को नजदीक के कुएं के पास ले जाती हैं जहाँ वे जल पूजन करती हैं। कुएँ की ओर जाते हुए महिलाओं का यह कारवा देवी देवताओं की प्रशंसा में समूह गाना गाता है। यह परंपरा विशुद्ध रुप से र जस्थानी है, जिसका वेदों में कोई उल्लेख नहीं।

चंकि राजस्थान में पानी का अभाव है, इसलिए वेद में सूर्य और अग्नि की तरह यहाँ पानी की पूजा की जाती हैं।

अन्नप्राशनरू

बच्चे के छठे महीने में अन्नप्राशन संस्कार किया जाता है। इसलिए उसे भात, दही, घी और मधु खाने दिया जाता है। वेद – मंत्रोच्चार के बीच बच्चे को खाना खिलाती है और आग्नि में घी का हवन किया जाता है। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया जाता है और दोंस्तों – परिवारजनों के बीच मिठाइयाँ बांटी जाती हैं।

झरुलि या मुंडन रू

बच्चा जब दो या तीन साल का होता है तो उसका मुंडन संस्कार किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि गर्भ के समय बच्चे के सिर के बाल अपवित्र होते हैं, इसलिए इसका मुंडन आवश्यक है। किसी शुभ दिन में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ ही बच्चे का मुंडन कर दिया जाता है। सिर्फ एक छोटी – सी चुटिया छोड दी जाती है। कुछ परिवार यह संस्कार अपने पैतृक मंदिर में करते हैं।

उपनयनरू

यह संस्कार लडके के आठवें या नवें साल में किया जाता है। उपनयन का शाब्दिक अर्थ है लडके को ब्रह्माचर्य आश्रम में प्रवेश के लिए आचार्य के पास ले जाना। इस अवसर पर लडके को तपस्वी जैसे कपडे पहनाए जाते हैं। उसके हाथ में एक छडी दी जाती है। उसे एक पत्रित्र ६ ाागा पहनने को दिया जाता है जो बाँए कंधे से तिर्यक रुप से नीचे दाईं ओर लटकता रहता है। इसे यज्ञोपवीत कहते हैं। इस दिन के बाद इसे हर वक्त पहना जाता है। कुल – पुरोहित बालक के कान में पवित्रतम वेद मंत्र श सवितुर श बोल देता है। सवितुर सूर्य देवता का मंत्र है। इस मंत्र को गायत्री मंत्र कहते हैं। इस मंत्र के साथ ही बालक विद्यारंभ करता है।

मध्यकाल में सिर्फ ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार होता था जो आज भी जारी है। शाही राजपूत परिवारों में उपनयन विधिपूर्वक विवाह के दौरान ही किया जाता था।

टी एस शान्ति मदुरै तमिल नाडु।

# डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में नेत्र सूक्ष्म जीव विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन 11 फरवरी को



वृन्दावन।मथुरा–रोड स्थित बीएचआरसी–डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में उपलब्ध मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए नेत्र सूक्ष्म जीव विज्ञान प्रयोगशाला की शुरुआत की गयी है ।जिसका उद्घाटन अतिशीघ्र ही होने वाला है ।जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूट के प्रशासक कैप्टेन राजीव मिश्रा ने बताया है कि नेत्र सूक्ष्म जीव विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त)के कर कमलों द्वारा दिनांक 11 फरवरी 2023 को अपरान्ह 12रू30 बजे फीता काट कर किया जाएगा। कैप्टन राजीव मिश्रा ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मथुरा–वृन्दावन नगर निगम के उप–सभापति पंडित राधाकृष्ण पाठक, बृजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ, सांसद प्रतिनिधि पंडित जनार्दन शर्मा, ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, बृज जन सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. राधाकांत शर्मा, बीएचआरसी के महाप्रबन्धक संजय शर्मा,श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल नेटवर्क के प्रयोगशाला विभागाध्यक्ष डॉ. अर्पण गाँधी, शांतनु दास गुप्ता, डॉ. आशीष सक्सेना एवं डॉ. आशीष झा आदि गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति विशेष रहेगी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल नेटवर्क के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. उमंग माथुर (नई दिल्ली) द्वारा की जाएगी ।डॉ. गोपाल चतुर्वेदी 9412178154।

# डॉ मीनाक्षी सुकुमारन मृदु की दो पुस्तकें लोकार्पित



काव्य मंजरी साहित्यिक मंच द्वारा सप्तम वार्षिकोत्सव ष्वल्लरीष दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में डॉ मीनाक्षी सुकुमारन श्मृदुश की दो पुस्तकें रेत सी जिन्दगी व मन दर्पण का लोकार्पण हुआ। साथ ही साहित्य निधि सम्मान 2023, काव्य मंजरी विभूति सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया जिसमें शॉल,माला, ट्रॉफी, सम्मान पत्र एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी का आई कार्ड व बैच प्रदान किया गया। देश भर से आये साहित्कारों के साथ मंच की संस्थापिका व राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरजा मेहता श्कमलिनीश जी , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा शर्मा श्नेहश जी, राष्ट्रीय महासचिव पदमा शर्माश्आँचलश, एम एल अरोड़ाश्आजाद संरक्षक , डॉ स्वदेश मल्होत्रा संरक्षक के साथ आ. सूक्ष्मलता महाजन जी ,आ. बी एल गौड़ जी, डॉ अशोक मैत्रेय जी,आ. पवन जैन जी , आ. ज्योति सक्सेना जी , डॉ सुमन स्वामी जी, टू मीडिया के संरक्षक , संस्थापक ओम प्रकाश प्रजाति जी, शारदा मादरे जी व अनेक गणमान्य विख्यात सुधिजन उपस्थित रहे।

# दिशानिर्देशों मार्गदर्शन प्रेरणा और नेतृत्व में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए




करनाल। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव भापुसे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों मार्गदर्शन प्रेरणा और नेतृत्व में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा कुरुक्षेत्र से साईकिल चलाकर नीलोखेड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे और विद्यार्थियों को विस्तार से नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई कि जीवन में कोई नशा नहीं करेंगे और नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर देंगे। तत्पश्चात वे तखाना साईकिल से पहुंचे और हरियाणा राज्य परिवहन के प्रशिक्षणार्थियों को जागरूक किया। तरावड़ी में अड्डे पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अंत में वे करनाल पहुंचे और करनाल मंडल के पुलिस महानिरीक्षक श्री सतेंद्र कुमार गुप्ता जी से भेंट कर उन्हें पूरे हरियाणा में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम बारे अवगत कराया और बताया कि वे साईकिल यात्रा के माध्यम से गांव गांव जाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। पुलिस महानिरीक्षक श्री सतेंद्र कुमार गुप्ता जी ने नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा को शुभकामनाएं दी।

# दहिसर में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन जनकपुर पहुंचने का मार्मिक वर्णन



,मुंबई।

श्री राम सत्संग समिति द्वारा दहिसर में आयोजित 10 वीं संगीतमय श्री राम कथा के पांचवे दिन ऋषि विश्वामित्र द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और लक्ष्मण को साथ लेकर जनकपुर पहुंचने का मार्मिक चित्रण सुनकर रामभक्त भाव विभोर हो गए। राजा जनक ने जब कौशल्यानंदन को पहली बार देखा तो भगवान राम की सुंदरता और तेज देख सोचने लगे कि ऐसा महान तेजस्वी राजकुमार को काश वे अपना शिष्य बना पाते। पर फिर उन्होंने सोचा कि यह तो असंभव सा है क्योंकि ऋषि वशिष्ठ जिनके राजगुरु हों और ऋषि विश्वामित्र जैसे गुरु की जिनपर छाया और कृपा हो ऐसे राम उनका शिष्य क्यों बनने लगे। इसके बाद महाराज जनक के मन में खयाल आया कि क्यों ना अपनी पुत्री सीता का राम से विवाह करवा दें। ऐसे में उनसे और उनके परिवार से जन्मों तक का रिश्ता बंध जाएगा। कथा वाचक प्रख्यात मानस मर्मज्ञ और प्रकांड विद्वान पंडित श्री सुधीर जी महाराज के श्रीमुख से यह प्रसंग इस खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया कि पूरा वातावरण राममय हो गया। पांचवे दिन की कथा के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी करुणाशंकर ओझा,संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मदेव तिवारी, महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत पाण्डेय, प्रसिद्ध व्यवसायी और समाजसेवी हरिशंकर तिवारी, पंडित कमलाशंकर मिश्रा, राजेश दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा, जनार्दन दूबे, किरण सिंह, जितेंद्र चौबे, बी.एम. गुप्ता, सुनील चौरसिया, प्रेमशंकर पांडे,कमलाकांत त्रिपाठी, केशव पांडे, सतीश मिश्र, प्रदीप चौबे, सुभाषचंद्र द्विवेदी,

अमरबहादुर शुक्ला, परमानंद तिवारी,अनिरुद्ध तिवारी, ललित शुक्ला , हरिश्चंद्र विश्वकर्मा तथा लालचंद यादव सहित कई अन्य अतिथि तथा श्री राम सत्संग समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे। आयोजन का उत्कृष्ट संचालन राजीव मिश्रा ने किया। बता दें कि 10 फरवरी 2023 तक चलनेवाली यह श्रीराम कथा जीएसबी ग्राउंड, एन एल कॉम्प्लेक्स, दहिसर पूर्व में आयोजित की गई है।

# दीपक बंसल बने विधानसभा प्रेस सलाहकार समिति के अध्यक्ष और चंद्रशेखर धरणी बने सचिव

सर्वसम्मति से बनेतीनों पदाधिकारी, अनिल गाबा उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर धरणी बने सचिव।

चंडीगढ़,हरियाणा विधान सभा की प्रेस सलाहकार समिति ने सोमवार को बैठक कर सर्वसम्मति से अपने पदाधिकारियों का चयन किया। पंजाब केसरी जालंधर के दीपक बंसल को अध्यक्ष, टोटल टीवी के अनिल गाबा का उपाध्यक्ष और उत्तम हिंदू के चंद्रशेखर धरणी को सचिव बनाया गया है। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने तीनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है।विधान सभा सचिव राजेंद्र कुमार नांदल की मौजूदगी में हुई बैठक में विधान सभा के बजट सत्र के दौरान प्रेस गैलरी की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान प्रेस सलाहकार समिति के सदस्य अंकित दुदानी, अनुराग अग्रवाल, दिनेश भारद्वाज, जितेंद्र चौधरी, महावीर जैन, प्रवीण पांडे, पवन सिंवर, राकेश गुप्ता, सुशील भार्गव, विपिन परमार, योगेंद्र शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य संजीव शर्मा उपस्थित रहे। नए पदाधिकारियों ने उनके सर्वसम्मति से चयन के लिए सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया है।

विधान सभा सचिवालय में सोमवार को प्रेस सलाहकार समिति के साथ बैठक में उपस्थित विधान सभा सचिव राजेंद्र कुमार नांदल, समिति के सदस्य और अधिकारी गण।



# शिक्षक व कवि अशोक शर्मा को मिला कबीर कोहिनूर पुरस्कार



कुशीनगर जिले के रामकोला ब्लॉक स्थित ग्राम लाला छपरा (लक्ष्मीगंज) निवासी अशोक शर्मा को दिल्ली में आयोजित कबीर कोहिनूर सम्मान 2023 से सम्मानित किया है। सहित्यकारिताध्लेखन आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु यह सम्मान सम्पूर्ण भारत से चुने गए 100 विभूतियों को दिया गया है। कबीर समाधि स्थली मगहर (उत्तर प्रदेश) तथा कबीर सेवा आश्रम खाटू नागौर, (राजस्थान) के संयुक्त तत्वाधान में डॉ.अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र प्लाट न.15, जनपथ रोड नई दिल्ली में आयोजित कबीर कोहिनूर सम्मान भारत भूषण महंत गुरु नानक देव, परीन सोमानिया (लंदन), डॉ सौरभ पांडेय (अ.ब. जिम्बाम्बे विश्वविद्यालय), इंद्रजीत शर्मा( स्मृति न्यास अमेरिका), सी.आर. चौधरी(पूर्व केंद्रीय मंत्री), बालकनाथ जी महाराज(संसद अलवर), महंत सुधीरदास जी(अयोध्या) आदि देश विदेश की महान विभूतियोंकी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि इसके पहले भी अशोक शर्मा श्रेष्ठ शब्दशिल्पी सम्मान, वृक्ष साख सम्मान, पर्यावरण रक्षक सम्मान, सरस्वती सम्मान, साहित्यपीडिया सम्मान, साहित्य प्रहरी,साहित्य शिरोमणि, प्रभंजन कलमकार, साहित्य सारंग, हिंदी सेवक सम्मान आदि अनेक पुरस्कारध्सम्मान पाने के साथ–साथ कई विश्व रिकार्ड में भी अपना नाम दर्ज कर चुके हैं। इनकी रचनाएं देश के कई अखबारों व पत्रिकाओं में छपने के साथ साथ श्हम हिंदुस्तानीश अमेरिका तथा श्अब्रॉडश कनाडा में छपकर समाज को प्रेरणा देने का कार्य रहीं हैं।

अशोक शर्मा की इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों में हर्ष है। राजेंद्र इसरावती इंटर कालेज लक्ष्मीगंज के प्रबंधक श्री बी.डी. यादव, अनिल त्रिपाठी (प्र.), अश्वनी पांडेय(प्र.), डॉ गोरख राव, अरविंद श्रीवास्तव, अवधेश पांडेय(प्र.), मधुसूधन पांडेय, डॉ. इंद्रजीत गो.राव, मोहन पांडेय, ओमप्रकाश द्विवेदी, आर के भट्ट, गोविंद कुशवाहा, अमित यादव, विजय यादव, केशव कुशवाहा तथा श्रीराम शर्मा आदि ने बधाइयाँ दी हैं।

# 81 हजार विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय



22 जिलों के 1076 स्कूलों में व्यवसायिक शिक्षा पढ़ने वाले विद्यार्थियों का शुरू हुआ मूल्यांकन रू राज नेहरू।प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा कौशल मूल्यांकन अभियान।चंडीगढ़ रू श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा कौशल मूल्यांकन अभियान शुरू किया है। इसके अंतर्गत राज्य के 1076 स्कूलों के 81 हजार से भी ज्यादा विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग ने इसके लिए 300 प्रशिक्षित लोगों की टीम मैदान में उतारी है। कुलपति श्री राज नेहरू ने इसे कौशल अभियान के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में व्यवसायिक शिक्षा की बुनियाद मजबूत करने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ढांचा तैयार कर रहा है। कुलपति श्री राज नेहरू ने बताया कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 12 सेक्टर में 23 जॉब रोल की व्यवसायिक शिक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। रोजगार और गुणवत्ता की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। हरियाणा के 81 हजार व्यवसायिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों का मूल्यांकन श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने अपने हाथ में लिया है। कुलपति श्री राज नेहरू ने बताया कि 15 दिन में इस अभियान में टीमें अलग–अलग स्कूलों में जाकर इन 81 हजार विद्यार्थियों का उनके व्यावसायिक विषय के हिसाब से मूल्यांकन करेंगी और उन्हें एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। कुलपति श्री राज नेहरू ने बताया कि जबसे हरियाणा में देश का पहला राजकीय कौशल विश्वविद्यालय स्थापित हुआ है, तभी से प्रदेश में व्यवसायिक शिक्षा के प्रति एक वातावरण बनना शुरू हुआ है और व्यवसायिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इन विद्यार्थियों के लिए स्नातकीय और उससे आगे की शिक्षा के हिसाब से कोर्स डिजाइन कर रहा है। स्कूलों में बढ़ते व्यवसायिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या एक अच्छा संकेत है, जिससे हरियाणा में कुशल मानवीय संसाधनों में बढ़ोतरी होगी। इससे उद्योग को कुशल कामगार और पेशेवर मिलेंगे साथ ही साथ उत्पादकता की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। कुलपति श्री राज नेहरू ने कहा कि सरकारी स्कूलों में व्यवसायिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने कई नए कोर्स डिजाइन किए हैं। यह कोर्स मार्केट की मांग के हिसाब से बनाए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले और इंडस्ट्री को प्रशिक्षित और कुशल कर्मी मिलें।श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग की संयुक्त निदेशक अंबिका पटियाल ने बताया कि इस अभियान को चलाने से पहले हमने 300 से भी ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दिया और उसके बाद यह टीमें पूरे प्रदेश में भेजी गई हैं। सभी 22 जिलों में यह मूल्यांकन किया जा रहा है। इसी के आधार पर विद्यार्थियों का परिणाम भी तय होगा। अंबिका पटियाल ने बताया कि विद्यार्थियों में व्यवसायिक शिक्षा के प्रति काफी उत्साह है और टीमों को अच्छा फीडबैक मिलना शुरू हो गया है। यह हरियाणा में व्यवसायिक शिक्षा के भविष्य की ओर एक सुखद संकेत है। इस अभियान में मूल्यांकन एवं प्रमाण विभाग की संयुक्त निदेशक अंबिका पटियाल, बिजनेस हेड सरोज मिश्रा, सहायक कुल सचिव शिखा गुप्ता, परिणाम प्रबंधक आरती कौल सहित विश्वविद्यालय के कई अधिकारी और कर्मचारी इस अभियान का हिस्सा हैं। कौशल मूल्यांकन अभियान का हिस्सा बने विद्यार्थी व जानकारी देते कुलपति श्री राज नेहरू।

# चिप्स पापड़ कोहडउरी और लाल मिर्च के अचार की बहार

जनपद में दिन में अच्छी खुली धूप और तापमान बढ़ने के कारण ग्रामीण इलाकों में महिलाएं चिप्स, पापड़,कोहडउरी और लाल मिर्च का अचार बनाना शुरू कर दी हैं। आलू की खुदाई होने पर किसानों के पास पर्याप्त मात्रा में आलू उपलब्ध है तथा जिनके घर आलू की पैदा नहीं हुई है बाजार में सस्ते दामों पर आलू उपलब्ध है। ऐसे में गृहिणियां आलू से चिप्स और पापड़ बना रहीं हैं। बाजार में मोटी लाल मिर्च उपलब्ध हो गई है जिसका अचार तथा गर्म मसाले, उर्द और लाल मिर्च के मिक्स से कोहडउरी को बनाकर धूप में सुखाया जा रहा है। विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी की गृहणी पुष्पा सिंह कहती हैं इन्हें बनाने के साथ–साथ उन्होंने सिरका बनाने के लिए गन्ने का रस रख लिया है तथा मटर के हरे दाने को मिक्सर में पीस कर सुखा रही हैं जिसका प्रयोग वह बरसात के दिनों में जब हरी सब्जियों पर फसल को बचाने के लिए अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग होता है ऐसे में वह हरी सब्जियां खाने से परहेज करतीं हैं।वह इस समय सुखाये गये मिक्स हरी मटर को पानी में भिगोकर उसकी सब्जी बनाना पसंद करती हैं।वह आगे कहती हैं कि घरेलू पापड़ और चिप्स के स्वाद की बाजारू पापड़ और चिप्स से कोई तुलना ही नहीं है इसीलिए वह इसे हर वर्ष घर पर ही तैयार करती हैं।



# लाडली ग्रुप को मिला उत्कृष्ट सम्मान



श्रीगंगानगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इंटरनैशनल ग्रुप तत्वावधान के सम्मानित समारोह के अंतर्गत समाज मे लाडली ग्रुप ( लक्ष्मीनारायण मोदी कल्याण सेवार्थ संस्थान) के सदस्यों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया इंटरनेशनल एनजीओ गुरुप फैमली अध्यक्ष ने कहा कि मोदी कल्याण सेवार्थ संस्थान के सदस्यों ने झुग्गी झोपड़ीयो जैसी बस्तीयो में निरूशुल्क निस्वार्थ भाव से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूक करने का काम जनमानस के अंदर उत्पन्न भ्रांतियों को दूर करने के लिए लोगों के बीच जाकर नुक्कड़ नाटक, सभाओं, जनसंपर्क और डोर टू डोर भ्रमण के द्वारा जागरूकता लाने का काम पूरी निष्ठा के साथ किया। इससे लक्ष्य प्राप्त करने में सुगमता हुई। इस भर सहयोग के लिए पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शशि मोदी ने कहा कि निरू स्वार्थ भाव से निरूशुल्क समाज सेवक की तरह से पूरे कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ पूरी टीम ने उत्कृष्ट कार्य किया है ।

इसके लिए यह सब यह बधाई के पात्र हैं। उम्मीद है कि आने वाले भविष्य की चुनौतियों से निपटने में भी मेरी टीम सक्षम होगी। इस टीम के विशेष सदस्य आरजू मोदी , पुष्पा भाटी ,करिश्मा सोनी , प्रवीण अरोड़ा सम्मानित किए गए। मोदी कल्याण सेवार्थ संस्थान की अध्यक्षा शशि मोदी को पगड़ी पहनाकर उत्कृष्ट समाज सेविका के खिताब से नवाजा गया इस इस मौके पर कई नागरिक व गणमान्य व्यक्ति कई संगठन के अध्यक्ष मौजूद रहे ।

# मेवाड़ के पृथ्वीराज को मिला काव्यश्री सम्मान



––रूप लाल प्रजापति अंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन के तत्वाधान में भारत के अशोक चक्र विजेताओं पर रचनाकारों द्वारा रचित दोहा संग्रह ग्रंथ का लोकार्पण समारोह हुआ जिसमें देश विदेश के 167 रचनाकारों को काव्यश्री सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें भीलवाड़ा मेवाड़ के कवि पृथ्वीराज कुम्हार को भी काव्यश्री सम्मान मिला ।यह कार्यक्रम दिल्ली स्थित हिन्दी भवन में हुआ,और महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कार्यक्रम के अध्यक्ष युग कवि डॉ.कुमार विश्वास जी के पिताजी और जाने माने साहित्यकार डॉ.चंद्रपाल जी शर्मा थे,उनके साथ ही मुख्य अतिथि सेवानिवृत लेफ्टीनेंट जनरल विष्णुकांत जी चतुर्वेदी और ब्रिगेडियर भुवनेश जी चौधरी, विशिष्ट अतिथि फिल्म इंडस्ट्री के गीतकार प्रमोद कुश तन्हा जी, हिन्दी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा मोहन थी, डॉ. राजीव कुमार पांडेय और ओंकार जी त्रिपाठी इस ग्रंथ के संपादक और संकलनकर्ता हैं, लेफ्टीनेंट जनरल चतुर्वेदी ने बताया कि यह ग्रंथ समाज में प्रेरणात्मक संदेश और देशभक्ति की भावना को ज्ञापित करेगा।

# भारत के अशोक चक्र विजेता का दिल्ली के हिन्दी भवन में लोकार्पण सम्पन्न



दिल्ली ।अंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन के द्वारा दिल्ली के हिंदी भवन में भारत के अशोक चक्र विजेताओं पर अंतरराष्ट्रीय दोहा संग्रह श्भारत के अशोक चक्र विजेताश का भव्य लोकार्पण हुआ तो पूरा सभागार भारतमाता के जयघोष के साथ तालियों से गूँजने लगा। अंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार पाण्डेय के द्वारा संपादित एवं संस्था के महासचिव ओंकार त्रिपाठी द्वारा संकलित श्भारत के अशोक चक्र विजेताश एक कालजयी ऐतिहासिक दोहा संग्रह है जिसमें सभी अशोक चक्र विजेताओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सम्पूर्ण विश्व के हिंदी 167 दोहाकारों ने अपनी कलम चलाई है।
कार्यक्रम के अध्यक्ष देश के ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चन्द्रपाल शर्मा, मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ इंदिरा मोहन एवं विशिष्ट अतिथि फिल्म गीतकार एवं साहित्यकार डॉ प्रमोद कुश श्तनहाश ने इस ऐतिहासिक ग्रन्थ का लोकार्पण किया तो समूचा सभागार भारतमाता की जय के नाद से गूँजने लगा।
डॉ चन्द्रपाल शर्मा ने इस ग्रन्थ को राष्ट्रीय महत्व का ग्रन्थ बताया तो मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी(सेवानिवृत्त) ने इस ग्रन्थ को भारत के शौर्य की संज्ञा दी।
देश की वरिष्ठ गीतकार डॉ इंदिरा मोहन ने इसे अभूतपूर्व एवं कालजयी ग्रन्थ की संज्ञा दी।ग्रन्थ की समीक्षा करते हुए डॉ प्रमोद कुश श्तनहाश ने कहा भारत की वीरता शौर्य बलिदान की गाथा का ऐतिहासिक ग्रन्थ है जो राष्ट्रभक्ति का जागरण करेगा।ग्रन्थ के सम्पादक डॉ राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि की नवम्बर में ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से 201 कवियों द्वारा अशोक चक्र विजेताओं पर दोहे सृजित कराकर कविता पाठ कराया था जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज किया गया है उन्हीं में से चयनित 167 दोहाकारों से इस ग्रन्थ को प्रकाशित किया गया है।
संस्था के महासचिव एवं ग्रन्थ के संकलन कर्ता वरिष्ठ गीतकार ओंकार त्रिपाठी ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखते हुए बताया कि इस कालजयी ऐतिहासिक श्भारत के अशोक चक्र विजेताश में भारत सहित अमेरिका इंडोनेशिया नेपाल, अबुधाबी आदि देशों 167 दोहाकारों के 2063 दोहे संकलित हैं जो हिंदी साहित्य में एक विशाल दोहा ग्रन्थ माना जायेगा।
संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष राजकुमार छपाडिया ने स्वागत भाषण के साथ सभी अतिथियों का बुके,स्मृति चिन्ह शॉल बैज आदि से सम्मानित किया।
इस अवसर पर देश विदेश के शताधिक कवियों को अंगवस्त्र किताबें के साथ सम्मान पत्र देकर अंतरराष्ट्रीय काव्य श्री सम्मान से अलंकृत किया गया।
इस अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक डॉ यशपाल सिंह चौहान ,महाराष्ट्र इकाई अध्यक्ष डॉ रोशनी किरण बिहार इकाई अध्यक्ष बिनोद कुमार हँसौडा, दिल्ली इकाई की प्रभारी सीमा पटेल पंजाब इकाई अध्यक्ष पंडित विनय कुमार झा, पश्चिमी बंगाल के प्रभारी कृष्ण कुमार दूबे आदि का सराहनीय योगदान रहा।
अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।संस्था की महिला इकाई की महामंत्री गार्गी कौशिक ने सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव कुमार पाण्डेय एवं संगठन मंत्री ब्रज माहिर न धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खेलकूद से प्रतिस्पर्धात्मक भावनाओं को मिलता बल : शैलेंद्र तिवारी



जौनपुर। आर एस दुबे सेंट्रल एकेडमी, तिलवारी, बदलापुर द्वारा आयोजित इंफिनिट क्रिकेट एकेडमी के ग्राउंड पर खेले जा रहे इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता के समापन में बतौर मुख्य अतिथि एबीएसए, बदलापुर ,शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वस्थ जीवन और परस्पर स्वस्थ संबंधों के लिए खेलों का बहुत महत्व है, खेल हमारे जीवन का अद्भुत और अभिन्न अंग है, जीवन की सभी गतिविधियों में खेल–भावना आवश्यक है । इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विजेता टीम को टॉफी और मेडल प्रदान करते उनका उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्रा ने कहा आप सभी को खेलने के लिए हर दिन कुछ समय अलग रखना चाहिए, स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क के साथ बेहतर ध्यान केंद्रित करके खेल आपको अध्ययन करने में भी मदद करेंगे, लेकिन आज के समय में खेल को माध्यमिक माना जाता है क्योंकि हर कोई उच्चतम स्कोर प्राप्त करने और प्रतियोगिता में आगे बढ़ने में लगा हुआ है। वे यह नहीं समझते हैं कि पढ़ाई खेल में बाधा नहीं बनती है, लेकिन वे उन्हें आशावादी बने रहने और प्रतिस्पर्धी भावना को सकारात्मक रखने में मदद करते हैं, विद्यालय के प्रबंधक सुभाष चंद्र दुबे आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत और उनके प्रति आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम में प्रिंसिपल सुधीर छेत्री, ग्राम टुडे के मुख्य संपादक डॉ सुभाष चंद्र पांडे, डॉ बाबूराम तिवारी श्री सतीश तिवारी जी, डॉक्टर प्रमोद मिश्रा,डॉ विजय शंकर तिवारी, महेंद्र सेठ, दयाशंकर तिवारी,श्रवण तिवारी, विवेक दुबे, उमाशंकर तिवारी, प्रधान संदीप पाठक, मदन पाठक, रामलाल पाठक, दीपक मिश्रा, त्रिभुवन पाठक, अंबुज दुबे, जगदंबा प्रसाद सिंह , प्रधान विनय, प्रचेता, प्रधान फूलचंद यादव, प्रधान राज कुमार निषाद, संतोष दुबे ज्योतिषी, डॉ उमाशंकर सिंह,राजनाथ तिवारी, काशीनाथ तिवारी, रामधारी तिवारी आदि क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत जिला महिला चिकित्सालय में नवजात कन्याओं का मनाया गया कन्या जन्मोत्सव



जिलाधिकारी महोदया के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में आज दिनांक–06.02.2023 को में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत महिला शक्ति केन्द्र एवं वन स्टाप सेन्टर द्वारा जिला महिला चिकित्सालय कानपुर देहात में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम को बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षका, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा परिजनों को बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, गौरव सम्मान पत्र, बेबी किट व वस्त्र एवं अन्य उपहार भी भेंट किये गये। आज के कार्यक्रम में चन्द्रभूषण सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत आवेदन हेतु सभी बालिकाओं को विभिन्न श्रेणीयों में आवेदन करने हेतु जागरूक किया साथ ही कन्याओं को सम्मान से समाज के सामने ऐसे उदहारण प्रस्तुत करना जो भारतीय परिवार में लडको की श्रेष्ठाता व अनिवार्यता के मिथक को तोडने वाले हों। कन्या भ्रूण हत्या के प्रति किशोरियों, महिलाओं व पुरूषों को जागरूक किया। बालिकाओं के समाज में महत्व को दर्शाती बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम में श्रीमती वंदना सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, डा0 प्रीति, श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव महिला कल्याण अधिकारी, श्रीमती निधि सचान सेन्टर मैनेजर, श्रीमती विशाखा वर्मा जिला समन्वयक, अन्य स्टाफ व जिला अस्पताल की स्टाफ नर्स, कर्मचारी एवं बालिकाओं के माता–पिता आदि उपस्थित रहे।

# सुनहरी यादें छोड़ गया महारुद्र यज्ञ मेला महोत्सव



गजाधरपुर बहराइचः गजाघरपुर मनकमेस्व्वर मन्दिर पर बसंत पंचमी के अवसर पर शुरू होने वाला महारूद्र यज्ञ व मेला महोत्सव सुनहरी यादों के साथ संप्पन्न हो गया। फखरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गजाधरपुरधाम स्थित शिवमनकामेश्वर , नवदुर्गा मंदिर पर 46 वा महारूद्र का शुभारंभ बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हुआ था। मेला के प्रारम्भ में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात आठवें दिन मंदिर परिसर कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 10 हजार के करीब महिलाओं और पुरूष श्रद्वालु पदयात्रा कर झिंगरी नदी के घाट पर कलश भर कर मां गायत्री की परिक्रमा पूजा कर श्रद्वा अर्पित की। इसके बाद मनकामेश्वर मंदिर पहुंच कर श्रद्वालुओं ने अपने अपने कलश स्थापना करवाकर सुबह शाम हवन पूजन आरती के साथ महारूद्र आयोजन में आए अयोध्या, नैमिषारण्य, नेपालगंज आदि विभिन्न जगहों से आए साधु संतों के प्रवचन का लाभ उठाया। आयोजन में गायत्री परिवार के आचार्या लाडली प्रसाद द्वारा प्रवचन व दीप यज्ञ में सम्लित रहे मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने पहुंच कर दीप प्रज्जवलित श्रद्धालुओं की हौसला अफजाई की। 'भीगी पलकों से हुई गैरजनपद से आए श्रद्धालुओं की विदाई महारूद्र यज्ञ के भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए गैर जनपद से आए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मेले में स्थानीय लोग तो थे ही लेकिन इस बड़ी तादाद में अयोध्या, गोंडा, कानपुर, बरेली, नेपालगंज, बाराबंकी, सीतापुर, बलरामपुर, श्रावस्ती आदि जनपदों से बड़ी तादाद में श्रद्धालु महायज्ञ में शामिल होने के लिए पांच दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे। रविवार को अंतिम प्रसाद ग्रहण कर घर वापसी के समय श्रद्वालुओं की पलकें नम हो गई। राय बरेली से आए नन्दू गुप्ता, अयोध्या श्रद्धालू ने बताया कि पिछले दस सालों से लगातार वे परिवार सहित इस महाआयोजन मे शामिल होने पहुंचते है। यहां हर मनोकामना पूरी होती है।दिल्ली गोण्डा नेपाल गंज से आए बाँके लाल जगमोहन राम नरायन ,बलराम पुर से रामवृक्ष, राजिंदर सीता पुर ने बताया कि स्व0 महात्मा श्री रामकिशोर दास जी महाराज गुरूवर के समय से हम लोग आश्रम से जुडे़ हैं यहां आकर अदभुत शान्ति की प्राप्ति होती है। वर्षों से चली आ रही गुरू दर्शन की परम्परा टूटने से मनोकामनाएं अधूरी रह जाएंगी मगर गुरू की मर्जी से यहां आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।इस मौके पर मन्दिर प्रबन्धक महंत नान बाबा उर्फ मोरजयध्वज दास ने आए हुए समस्त श्रद्धालुओं को प्रसाद भभूति देकर बिदा किया और जेजमान कामता मिश्र मनोज सिंह बाबा जगदीस दास रामु गौड़,गुड्डू गौड़ पुत्ती लाल केके पण्डित अखलेश वर्मा राजू वर्मा बन्टी शुक्ला रिंकू राहुल,जिया लाल, कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।इस मौके पर फखरपुर पुलिबल के जवान शुरक्षा बेवस्था में मौजूद रहे।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ तीन दिवसीय प्रेरणा-पर्व का समापन



– प्रथम दो दिवस में खेलकूद की प्रतियोगितायें व तीसरे दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का किया गया आयोजन । रूद्रपुर (देवरिया) । क्षेत्र के ग्राम रामचक में स्थित विद्यालय प्रत्युष विहार में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। तीन दिन चली खेल प्रतियोगिता में खो–खो, कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, चेस, क्रिकेट, साइकिल धीमी रेस, निशानेबाजी, गोलाक्षेपण आदि खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बांसुरी बादक सुनिल सरगम ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रिकेट कोच अजय नामाशुद्रा (त्रिपुरा), केजीएमयू की डॉ0 अनामिका गुप्ता, शुभम सिंह, प्रत्युष कुमार, पूनम मणि त्रिपाठी, निखिल तिवारी भी उपस्थित रहे । अध्यक्षता अयोध्या से पधारे स्वामी रामजीदास तथा संचालन रविकांत मणि त्रिपाठी व तारकेश्वर विश्वकर्मा ने किया । कमेंट्री सज्जाद अली तथा निर्यायक की भूमिका मनोज भाटिया, उध्दव गुप्ता व शिव जायसवाल ने निभाई । विद्यालय के प्रधानाचार्य राणाप्रताप सिंह ने आये हुए अतिथियों व मीडिया के लोगों को अंगवस्त्र व प्रत्युष गौरव सम्मान से सम्मानित किया । इस दौरान डॉ0 अमरनाथ मल्ल, पंडित शारदा मणि त्रिपाठी व डॉ0 मिथिलेश सिंह को प्रत्युष भूषण सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, स्टेट डांस, लेजी डान्स, के साथ साथ षीता का स्वयम्वरष परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोग भाव विभोर हो गये । बांसुरी बादक सुनिल सरगम के बांसुरी की धुन पर दर्शक झूम उठे । पुरस्कृत होने वाले बच्चों में अंश सिंह, प्रिंस, प्रकाश, प्रखर, निधि, दिव्यांशु मौलि शुक्ला, अभय यादव, प्रांशु, यश प्रताप, सना परवीन, कृति, शिखा, आर्यन, अंकित, शिवम धर्मेन्द्र, वैभव, कार्तिक, खुशबू, शुभम, शिवम गोस्वामी व प्रत्युष चौलेंजर्स की टीम को कबड्डी, प्रत्युष रायल्स की टीम को खोखो व प्रत्युष किंग्स की टीम को प्रथम स्थान मिला वहीं साजिद, अदीति, लेखनी, अभिनंदन, सुहेल, अंकित, नीलप्रताप, सुप्रिया, सत्या व प्रत्युष किंग्स की टीम को बालिका वर्ग कबड्डी, प्रत्युष नाईट राइडर्स की टीम को खोखो तथा प्रत्युष लीजेंड की टीम को क्रिकेट में द्वितीय स्थान एवं जाह्नवी पटवा, शबा परवीन, वैभव यादव, विशेष कुमार, राजू यादव को तृतीय स्थान मिला । बेस्ट ऑफ फाइव का पुरस्कार प्रांशु सिंह, खुशबू यादव, प्रिंस सिंह, शिखा गौतम व पायल त्रिपाठी को दिया गया । इशिका दिवाकर, रागिनी यादव व कार्तिक सिंह को बेहतरीन अभिनय के लिए पुरस्कृत किया गया । सिद्धांत कन्नौजिया, उर्मिला चौहान, अमित पटवा को आदर्श विद्यार्थी का सम्मान दिया गया ।

# भोपाल राजा भोज विमानतल में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री से हुई भेंट मुलाकात सरिता पाड़े

मध्यप्रदेश

आज भोपाल राजा भोज विमानतल में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सांसद डॉक्टर संदीप पाठक जी एवं मध्य प्रदेश के चुनाव प्रभारी विधायक दिल्ली श्री बी एस जून जी से सिरमौर आम आदमी पार्टी की नेता श्रीमती सरिता पांडे एवं पूर्व जिलाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ किया स्वागत एवं भेट मुलाकात की गई।




# आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवम JJ News Portal के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास

# भूकंप के बाद क्यों बार–बार महसूस किए जा रहे हैं झटके

तुर्किये समेत चार देशों में भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। सबसे ज्यादा असर तुर्किये में हुआ है। यहां सैकड़ों इमारतें धराशायी हो गईं। तुर्किये और सीरिया में अब तक कम से कम पांच हजार लोग मारे गए हैं। करीब 15,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

भीषण भूकंप के बाद भी कई बार इसके झटके महसूस किए गए हैं। पहले भी जिन जगहों पर भूकंप आए थे, वहां एक बार भीषण भूकंप आने के बाद एक के बाद कई बार झटके क्यों महसूस होते हैं? तुर्किये में बार–बार भूकंप क्यों आ रहा है? यह भूकंप इतना विनाशकारी क्यों था? क्या पहले भी भूकंप से तबाह हो चुका है देश? आइये जानते हैं३

पहले जानते हैं क्या हुआ?

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, तुर्किये (पूर्व नाम तुर्की) में आया भूकंप 18 किलोमीटर की गहराई में था जिसका केंद्र सीरिया की उत्तरी सीमा के पास दक्षिणी तुर्किये था। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.8 मापी गई। शुरुआती भूकंप के बाद आये कई झटकों ने दोनों देशों को हिलाकर रख दिया। भूकंप का असर लेबनान और इस्राइल पर भूकंप का केंद्र गजियांतेप से करीब 33 किलोमीटर दूर था। यह सीरियाई सीमा से करीब 90 किलोमीटर दूर उत्तर में है। भूकंप के बाद करीब 20 झटके महसूस किए गए, जिनमें से सबसे शक्तिशाली झटका 6.6 की तीव्रता का था।

यह किस प्रकार का भूकंप था?

भूकंप तब आता है जब पृथ्वी की सबसे बाहरी परत के बड़े टुकड़े अचानक एक दूसरे के पीछे चले जाते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक, तुर्किये का भूकंप एक स्ट्राइक–स्लिप भूकंप था। इसे समझने से पहले हमें पृथ्वी की संरचना को समझना होगा। पृथ्वी अलग–अलग हिस्सों में बंटी हुई है। ये हिस्से एक फॉल्ट लाइन पर मिलते हैं, जहां प्लेटें आमतौर पर एक–दूसरे से टकराती हैं। लेकिन कभी–कभी तनाव बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, तब प्लेटें बड़ी मात्रा में ऊर्जा निकालते हुए एक–दूसरे को तेजी से पार करती हैं। इस स्थिति में, दो प्लेटें एक–दूसरे को झटके देते हुए दो अलग–अलग दिशाओं में चली जाती हैं। यही प्रक्रिया भूकंप आने का कारण बनती है।

भूकंप के बाद क्यों बार–बार झटके महसूस हो रहे हैं?

भूकंप के बाद अक्सर कई झटके आते हैं, जो घंटों या कई दिनों तक जारी रहते हैं। ये झटके भूकंप के कारण हुई क्षति में और बढ़ोतरी करते हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, झटके भूकंप की ही एक कड़ी होते हैं जो किसी फॉल्ट पर एक बड़े भूकंप के बाद आते हैं। झटके फाल्टलाइन (जहां चट्टानों के बीच छिद्र होता है) के पास आते हैं। हालांकि, झटके मुख्य भूकंप की तुलना में कमजोर होते हैं, लेकिन ये व्यापक नुकसान पहुंचा सकते हैं। तुर्किये में मुख्य भूकंप के कारण पहले से ही कमजोर हो चुकी इमारतें, झटकों से पूरी तरह से जमींदोज हो गईं।

विशेषज्ञों का कहना है कि तुर्की में 7.5 तीव्रता का बड़ा झटका वास्तव में अधिक विनाशकारी हो सकता था। यह झटका हल्का और कम गहरा था। मुख्य भूकंप 17.9 किमी गहराई पर आया था। सतह से निकटता के कारण हल्के भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक तीव्र महसूस किए जाते हैं। झटके राहत और बचाव कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं, कभी–कभी तो बचावकर्मी भी इसकी चपेट में आ जाते हैं।

क्या तुर्किये और आसपास अक्सर भूकंप आते हैं?

तुर्किये दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंप क्षेत्रों में से एक है। देश के तीन अलग–अलग टेक्टोनिक प्लेटों के मध्य स्थित होने के कारण यहां बार–बार भूकंप आते हैं। अधिकांश तुर्किये एनाटोलियन टेक्टोनिक प्लेट पर स्थित है। टेक्टोनिक प्लेट जिसे लिथोस्फेरिक प्लेट भी कहा जाता है, ठोस चट्टान का एक विशाल टुकड़ा होता है।

भूकम्प विज्ञानियों के अनुसार टेक्टोनिक प्लेटों के बीच तनाव के स्तरों के कारण क्षेत्र में बड़े भूकंपों की संभावना काफी अधिक रहती है। राजधानी इस्तांबुल क्षेत्र लगभग 1.2 करोड़ निवासियों के साथ घनी आबादी वाला शहरी क्षेत्र है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां आधी आबादी भूकंपीय भवन मानकों के अनुपालन के बिना अवैध रूप से निर्मित आवास में रहती है।

यह भूकंप इतना विनाशकारी क्यों था?

भूकंप काफी शक्तिशाली था। आमतौर पर, जो पानी के नीचे भूकंप होते हैं, वह काफी तीव्र होते हैं। यह भूकंप घनी आबादी वाले क्षेत्रों के पास आया। केंद्र तुर्किये में एक प्रमुख शहर और प्रांतीय राजधानी गजियानटेप के पास था। विशेषज्ञों की मानें तो दक्षिणी तुर्किये के इस क्षेत्र में प्रभावित क्षेत्र में कई पुरानी इमारतें भी थीं। तेजी से हो रहे निर्माण के कारण संरचनाएं कमजोर हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण हजारों इमारतें ढह गईं।

पहले भी भूकंप से कई तबाहियां देख चुका है देश?

अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण तुर्किये ने पिछली शताब्दी में भी बार–बार बड़े भूकंप के झटके झेले हैं। दिसंबर 1939 में, पूर्वी तुर्किये में एरजीकन शहर के पास 7. 8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 30,000 से अधिक लोग मारे गए थे। बाद के दशकों में कई और भूकंप आए, जिनमें पूर्वी वान प्रांत में 1976 काल्डिरन–मुरादिये भूकंप भी शामिल है। इसके कारण 4,000 से अधिक मौतें हुईं थीं।

1939 की आपदा के बाद से अब तक का सबसे घातक भूकंप अगस्त 1999 में आया था, जब 7.4 तीव्रता का भूकंप पश्चिमी शहर इजमित में मारारा के क्षेत्र में आया था। इस आपदा में 17,000 से अधिक लोग मारे गए थे और 43,000 से अधिक घायल हुए थे। जनवरी 2020 में तुर्किये में एक और बड़ा भूकंप आया था। 6.7 तीव्रता वाले इस भूकंप ने देश के पूर्वी हिस्से में बड़ी क्षति पहुंचाई थी।

तुर्किये समेत चार देशों में भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। सबसे ज्यादा असर तुर्किये में हुआ है। यहां सैकड़ों इमारतें धराशायी हो गईं। तुर्किये और सीरिया में अब तक कम से कम पांच हजार लोग मारे गए हैं। करीब 15,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

भीषण भूकंप के बाद भी कई बार इसके झटके महसूस किए गए हैं। पहले भी जिन जगहों पर भूकंप आए थे, वहां एक बार भीषण भूकंप आने के बाद एक के बाद कई बार झटके क्यों महसूस होते हैं? तुर्किये में बार–बार भूकंप क्यों आ रहा है? यह भूकंप इतना विनाशकारी क्यों था? क्या पहले भी भूकंप से तबाह हो चुका है देश? आइये जानते हैं३

पहले जानते हैं क्या हुआ?

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, तुर्किये (पूर्व नाम तुर्की) में आया भूकंप 18 किलोमीटर की गहराई में था जिसका केंद्र सीरिया की उत्तरी सीमा के पास दक्षिणी तुर्किये था। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.8 मापी गई। शुरुआती भूकंप के बाद आये कई झटकों ने दोनों देशों को हिलाकर रख दिया। भूकंप का असर लेबनान और इस्राइल पर भूकंप का केंद्र गजियांतेप से करीब 33 किलोमीटर दूर था। यह सीरियाई सीमा से करीब 90 किलोमीटर दूर उत्तर में है। भूकंप के बाद करीब 20 झटके महसूस किए गए, जिनमें से सबसे शक्तिशाली झटका 6.6 की तीव्रता का था।

यह किस प्रकार का भूकंप था?

भूकंप तब आता है जब पृथ्वी की सबसे बाहरी परत के बड़े टुकड़े अचानक एक दूसरे के पीछे चले जाते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक, तुर्किये का भूकंप एक स्ट्राइक–स्लिप भूकंप था। इसे समझने से पहले हमें पृथ्वी की संरचना को समझना होगा। पृथ्वी अलग–अलग हिस्सों में बंटी हुई है। ये हिस्से एक फॉल्ट लाइन पर मिलते हैं, जहां प्लेटें आमतौर पर एक–दूसरे से टकराती हैं। लेकिन कभी–कभी तनाव बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, तब प्लेटें बड़ी मात्रा में ऊर्जा निकालते हुए एक–दूसरे को तेजी से पार करती हैं। इस स्थिति में, दो प्लेटें एक–दूसरे को झटके देते हुए दो अलग–अलग दिशाओं में चली जाती हैं। यही प्रक्रिया भूकंप आने का कारण बनती है।

भूकंप के बाद क्यों बार–बार झटके महसूस हो रहे हैं?

भूकंप के बाद अक्सर कई झटके आते हैं, जो घंटों या कई दिनों तक जारी रहते हैं। ये झटके भूकंप के कारण हुई क्षति में और बढ़ोतरी करते हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, झटके भूकंप की ही एक कड़ी होते हैं जो किसी फॉल्ट पर एक बड़े भूकंप के बाद आते हैं। झटके फाल्टलाइन (जहां चट्टानों के बीच छिद्र होता है) के पास आते हैं। हालांकि, झटके मुख्य भूकंप की तुलना में कमजोर होते हैं, लेकिन ये व्यापक नुकसान पहुंचा सकते हैं। तुर्किये में मुख्य भूकंप के कारण पहले से ही कमजोर हो चुकी इमारतें, झटकों से पूरी तरह से जमींदोज हो गईं।

विशेषज्ञों का कहना है कि तुर्की में 7.5 तीव्रता का बड़ा झटका वास्तव में अधिक विनाशकारी हो सकता था। यह झटका हल्का और कम गहरा था। मुख्य भूकंप 17. 9 किमी गहराई पर आया था। सतह से निकटता के कारण हल्के भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक तीव्र महसूस किए जाते हैं। झटके राहत और बचाव कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं, कभी–कभी तो बचावकर्मी भी इसकी चपेट में आ जाते हैं।

क्या तुर्किये और आसपास अक्सर भूकंप आते हैं?

तुर्किये दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंप क्षेत्रों में से एक है। देश के तीन अलग–अलग टेक्टोनिक प्लेटों के मध्य स्थित होने के कारण यहां बार–बार भूकंप आते हैं। अधिकांश तुर्किये एनाटोलियन टेक्टोनिक प्लेट पर स्थित है। टेक्टोनिक प्लेट जिसे लिथोस्फेरिक प्लेट भी कहा जाता है, ठोस चट्टान का एक विशाल टुकड़ा होता है।

भूकम्प विज्ञानियों के अनुसार टेक्टोनिक प्लेटों के बीच तनाव के स्तरों के कारण क्षेत्र में बड़े भूकंपों की संभावना काफी अधिक रहती है। राजधानी इस्तांबुल क्षेत्र लगभग 1.2 करोड़ निवासियों के साथ घनी आबादी वाला शहरी क्षेत्र है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां आधी आबादी भूकंपीय भवन मानकों के अनुपालन के बिना अवैध रूप से निर्मित आवास में रहती है।

यह भूकंप इतना विनाशकारी क्यों था?

भूकंप काफी शक्तिशाली था। आमतौर पर, जो पानी के नीचे भूकंप होते हैं, वह काफी तीव्र होते हैं। यह भूकंप घनी आबादी वाले क्षेत्रों के पास आया। केंद्र तुर्किये में एक प्रमुख शहर और प्रांतीय राजधानी गजियानटेप के पास था। विशेषज्ञों की मानें तो दक्षिणी तुर्किये के इस क्षेत्र में प्रभावित क्षेत्र में कई पुरानी इमारतें भी थीं। तेजी से हो रहे निर्माण के कारण संरचनाएं कमजोर हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण हजारों इमारतें ढह गईं।

पहले भी भूकंप से कई तबाहियां देख चुका है देश?

अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण तुर्किये ने पिछली शताब्दी में भी बार–बार बड़े भूकंप के झटके झेले हैं। दिसंबर 1939 में, पूर्वी तुर्किये में एरजीकन शहर के पास 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 30,000 से अधिक लोग मारे गए थे। बाद के दशकों में कई और भूकंप आए, जिनमें पूर्वी वान प्रांत में 1976 काल्डिरन–मुरादिये भूकंप भी शामिल है। इसके कारण 4,000 से अधिक मौतें हुईं थीं।

1939 की आपदा के बाद से अब तक का सबसे घातक भूकंप अगस्त 1999 में आया था, जब 7.4 तीव्रता का भूकंप पश्चिमी शहर इजमित में मारारा के क्षेत्र में आया था। इस आपदा में 17,000 से अधिक लोग मारे गए थे और 43,000 से अधिक घायल हुए थे। जनवरी 2020 में तुर्किये में एक और बड़ा भूकंप आया था। 6.7 तीव्रता वाले इस भूकंप ने देश के पूर्वी हिस्से में बड़ी क्षति पहुंचाई थी।

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे कार्य करने हेतु लोगो की आवश्यकता है

संपर्कः- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

# जनवरी के बेस्ट प्लेयर के लिए भारत के दो खिलाड़ी नामित



शुभमन ने 2023 की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ इसी साल डेब्यू किया था। इसमें वह सिर्फ सात रन ही बना सके थे। इसके बाद पुणे में दूसरे टी20 मैच में भी वह दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके थे। राजकोट में तीसरे टी20 में शुभमन 46 रन बना पाए थे।

श्रीलंका के खिलाफ वनडे में शुभमन शानदार फॉर्म में दिखे थे। उन्होंने तीन वनडे में 70, 21 और 116 रन की पारियां खेली थीं। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ शुभमन ने तो तहलका मचा दिया। हैदराबाद में पहले वनडे में उन्होंने 149 गेंदों पर 208 रन की पारी खेली थी, जिसमें उनके साथी बल्लेबाज 28 से ज्यादा का आंकड़ा नहीं छू सके थे।

इसके बाद दूसरे वनडे में नाबाद 40 रन और तीसरे वनडे में 112 रन की पारी खेली थी। इस सीरीज में उन्होंने कुल 360 रन बनाए और तीन मैचों की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी की।

इसी फॉर्म को गिल ने फरवरी में भी जारी रखा और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 63 गेंदों पर 126 नाबाद रन की पारी खेली। 17 दिनों के अंदर गिल ने चार शतक जड़े। साथ ही भारत के पांचवें बल्लेबाज बने, जिनके नाम तीनों फॉर्मेट में शतक हैं।

शानदार फॉर्म में मोहम्मद सिराज



जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के बाद से भारतीय तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी पूरी तरह से सिराज के ईर्दगिर्द घूम रही है। उन्होंने इस मौके का शानदार फायदा उठाया और कहर बरपाती गेंदों से विपक्षी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया है। इसका नतीजा यह हुआ कि सिराज फिलहाल वनडे में नंबर वन बॉलर हैं।

श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जब बाकी भारतीय गेंदबाजों की धुनाई हो रही थी, तब सिराज ने सात ओवर में मात्र 30 रन देकर दो विकेट झटके थे। इसके बाद दूसरे वनडे में भी उन्होंने 30 रन देकर दो विकेट और तीसरे वनडे में 32 रन देकर चार विकेट झटके थे। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में वह हाईएस्ट विकेटटेकर रहे थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद वनडे में सिराज ने 10 ओवर में 46 रन देकर चार विकेट झटके थे। रायपुर में दूसरे वनडे में सिराज ने छह ओवर में एक मेडन और 10 रन देकर एक विकेट लिया था। जनवरी में पांच मैचों में उनका इकोनॉमी रेट 3.82 का रहा।

डेवोन कॉन्वे ने जनवरी में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाए। भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में उन्होंने 100 गेंदों में 138 रन की पारी खेली थी। इसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में कॉन्वे ने 35 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। इसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में भारत को हराया था। हालांकि, शुभमन प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के प्रबल दावेदार हैं।

# अपने आदर्श से मिलते ही भावुक ऑस्ट्रेलियाई नेट बॉलर ने छुए पैर



ऑस्ट्रेलियाई टीम फिलहाल भारत के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच गुरुवार नौ फरवरी से चार मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। हालांकि, इस सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया के एक नेट बॉलर की काफी चर्चाएं हो रही हैं। इस गेंदबाज का नाम महेश पिथिया। महेश को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने नेट बॉलर के तौर पर शामिल किया है। महेश की खास बात यह है कि वह भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की तरह गेंदबाजी करते हैं। दोनों का एक्शन भी मिलता जुलता है। हालांकि, अश्विन से मिलने के बाद महेश भावुक हो गए और पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया के लिए भी महत्वपूर्ण है। वहीं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय टीम को भी यह टेस्ट सीरीज जीतनी है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को कोई मौका नहीं देना चाहती है। पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों ने तो भारत में जीतने को एशेज से भी बड़ी जीत बताया है। इसमें सबसे बड़े कांटा अश्विन होंगे, जिनकी फिरकी में हमेशा से ऑस्ट्रेलियाई टीम फंसती रही है। इसके लिए वह महेश की गेंदों पर प्रैक्टिस कर रहे हैं, ताकि उन्हें कोई दिक्कत न आए।

महेश ने अब तक सिर्फ चार फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, लेकिन उनका एक्शन और उनकी सटीक स्पिन ने अब तक नेट्स में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को खूब परेशान किया है। इसके बारे में खुद महेश बताते हैं– मैंने पहले दिन ही स्टीव स्मिथ को पांच से छह बार आउट किया था नेट्स में। वह बताते हैं कि वह नेट्स के दौरान एक कोने में खड़े होकर अश्विन की गेंदबाजी को निहारते रहते हैं। 21 साल के महेश ने भारतीय खिलाड़ी और फैन्स के बीच भी काफी प्रसिद्धि हासिल कर ली है।

महेश ने अब तक सिर्फ चार फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, लेकिन उनका एक्शन और उनकी सटीक स्पिन ने अब तक नेट्स में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को खूब परेशान किया है। इसके बारे में खुद महेश बताते हैं– मैंने पहले दिन ही स्टीव स्मिथ को पांच से छह बार आउट किया था नेट्स में। वह बताते हैं कि वह नेट्स के दौरान एक कोने में खड़े होकर अश्विन की गेंदबाजी को निहारते रहते हैं। 21 साल के महेश ने भारतीय खिलाड़ी और फैन्स के बीच भी काफी प्रसिद्धि हासिल कर ली है।



महेश से जब यह पूछा गया कि उनकी गेंदबाजी में क्या खासियत है? क्या उनके पास कैरम बॉल है या अश्विन जैसा स्लाइडर? इस पर उन्होंने जवाब दिया– नहीं, मैं कैरम बॉल या दूसरा नहीं फेंकता। मेरी स्टॉक बॉल ऑफ ब्रेक है और एक और गेंद जो मैंने खुद विकसित की है, उसमें थोड़ा सा बैकस्पिन है। हालांकि, मैं व्हाइट बॉल क्रिकेट में गेंदबाजी करता हूं। महेश फिलहाल अपने माता–पिता, बड़े भाई और भाभी के साथ रहते हैं। स्मिथ और दुनिया के नंबर वन टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को गेंदबाजी करना उनके लिए जीवन बदलने वाला अनुभव रहा है।

महेश बताते हैं– इस ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ काम करना आश्चर्यजनक रहा है। मेरा काम मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया के नेट्स सेशन में स्टीव स्मिथ को गेंदबाजी करना है। उन्होंने मुझे कुछ खास गेंदबाजी करने के लिए नहीं कहा। महेश खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि वह नाथन लियोन के साथ काफी बातचीत करने में सफर रहे हैं, जिन्होंने उन्हें ऑफ स्पिन की कला पर कुछ अमूल्य टिप्स दिए हैं। उन्होंने कहा– लियोन ने पहले मुझे अपनी मजबूती दिखाने के लिए कहा और बताया कि मैं अपनी उंगलियों को रोल करते समय क्या करता हूं। उन्होंने फिर समझाया कि मैं गेंद पर अधिक रेव्स (रोटेशन) कैसे प्राप्त कर सकता हूं और यह भी कि मेरा फ्रंट लेग (बाएं) कैसे उतरना चाहिए। उन्हें मेरी क्षमता पर भरोसा है।

# अर्जुन कपूर ने की श्रद्धा की खिंचाई और राखी के पति आदिल गिरफ्तार



एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री हर दिन सेलेब्स से जुड़े अपडेट आते रहते हैं। फैंस भी अपने फेवरेट सितारों के बारे में जानने के लिए काफी उत्सुक रहते हैं। अपने चहेते सितारों की निजी और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी हर खबर पर फैंस की नजर रहती है। आज भी इंडस्ट्री में काफी कुछ दिलचस्प हुआ है। ऐसे में चलिए फिल्मी रैप के जरिए जानते हैं दिनभर की मनोरंजन जगत से जुड़ी 10 बड़ी खबरों के बारे में...

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से हैं। अभिनेत्री ने अपनी खूबसूरती और अभिनय से लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वह बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में से एक हैं। अभिनेत्री ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत शाहरुख खान के साथ फिल्म ओम शांति ओम से की थी। हाल ही में रिलीज दीपिका पादुकोण, शाहरुख खान और जॉन अब्राहम स्टार फिल्म पठान इन दिनों दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रहा है।

टीवी से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी अभिनय का दमखम दिखा चुके अभिनेता रोनित रॉय इन दिनों अपनी फिल्म शहजादा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में रोनित रॉय कार्तिक आर्यन और कृति सेनन के साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म की स्टार कास्ट जोर शोर से फिल्म को प्रमोट करने में भी लगी हुई है और इसी क्रम में जब सितारे कपिल शर्मा के शो में पहुंचे तो रोनित रॉय ने एक चौंकाने वाला खुलासा



किया। अभिनेता ने बताया कि कैसे करण जौहर की वजह से उनके हाथ से ऑस्कर विजेता हॉलीवुड निर्देशक की फिल्म निकल गई थी।

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म की रिलीज को 13 दिन हो गए हैं और अभी भी इसको लेकर दर्शकों के बीच क्रेज देखने को मिल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ताबड़तोड़ कमाई कर रही है और तमाम सेलेब्स भी फिल्म जमकर तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में फिल्ममेकर हंसल मेहता ने भी श्पठानश बन एक्शन अवतार में नजर आने वाले शाहरुख खान की जमकर तारीफ की है।

साउथ के सुपरहिट निर्देशक और एक्टर की जोड़ी की बात करें तो जेहन में सबसे पहले एटली और विजय का नाम आता है। दोनों की जोड़ी ने जितनी बार भी साथ फिल्में बनाई हैं, सभी बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त हिट रही हैं। दोनों फिल्म थेरी, बिगिल और मेर्सल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब खबर है कि यह जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों बड़े बजट की फिल्म में काम करने जा रहे हैं।

साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार विजय सेतुपति इन दिनों सुर्खियों में छाए हुए हैं। वह एक के बाद एक बेहतरीन फिल्में दे रहे हैं। इसके साथ ही वह बॉलीवुड में भी अपने कदम जमाने की तैयारी में हैं। विजय सेतुपति अपने दमदार अभिनय के दम पर दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। विजय सेतुपति अब एक बार फिर आने वाली वेब सीरीज श्फर्जीश में शाहिद कपूर के साथ नजर आने वाले हैं। इन दिनों विजय सेतुपति को पैन इंडिया स्टार कहा जा रहा है, लेकिन इस बात पर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की है।

सामंथा रुथ प्रभु साउथ की बेहतरीन अभिनेत्री हैं। उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया है। पिछले दिनों सामंथा ने अपनी बीमारी को लेकर खुलासा किया था, जिसके बाद अभिनेत्री के फैंस काफी निराश हो गए थे। पिछले दिनों सामंथा ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म शाकुंतला की कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिसके बाद एक्ट्रेस के फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि शाकुंतलम की रिलीज डेट को फिर से बदल दिया गया है।

सामंथा रुथ प्रभु साउथ की बेहतरीन अभिनेत्री हैं। उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया है। पिछले दिनों सामंथा ने अपनी बीमारी को लेकर खुलासा किया था, जिसके बाद अभिनेत्री के फैंस काफी निराश हो गए थे। पिछले दिनों सामंथा ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म शाकुंतला की कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिसके बाद एक्ट्रेस के फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि शाकुंतलम की रिलीज डेट को फिर से बदल दिया गया है।

पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू समेत 14 अन्यों के खिलाफ एक्ट्रेस उपासना सिंह द्वारा दायर चंडीगढ़ कोर्ट केस में आज सुनवाई होगी। जी हां, पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के खिलाफ चंडीगढ़ कोर्ट में मामला दर्ज करवाया गया था, जिसमें एक्ट्रेस पर एक पंजाबी फिल्म को पूरा न करने और बीच में कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने का आरोप लगा है। एक्ट्रेस उपासना सिंह ने पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू समेत 14 अन्यों के खिलाफ फिल्म को लेकर हुए नुकसान के रूप में 1 करोड़ रुपए की भरपाई की मांग को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसकी आज सुनवाई होगी।

मनोरंजन जगत से एक दुखद खबर सामने आई है। सलमान खान की फिल्म 'चोरी चोरी चुपके चुपके' और 'अंडरट्रायल' जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले मशहूर निर्माता नाजिम हसन रिजवी का निधन हो गया है। वह कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती थे, जहां कल रात उन्होंने अंतिम सांस ली। निर्माता के निधन के बाद से इंडस्ट्री में शोक की लहर है।



ड्रामा क्वीन राखी सावंत आए दिन किसी न किसी वजह से सुर्खियों में छाई रहती हैं। बीते दिनों जहां अभिनेत्री की मां का निधन हो गया था, तो अब वह पति आदिल दुर्रानी के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में राखी सावंत ने पति आदिल के खिलाफ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप लगाए थे, तो अब उन्होंने पैसे और गहने चोरी के साथ प्रताड़ना करने का आरोप लगाया है। सोमवार को अभिनेत्री ने मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में आदिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। ऐसे में अब पुलिस ने आदिल को गिरफ्तार कर लिया है, इसकी पुष्टि एक्ट्रेस ने ऑडियो जारी कर दी है। इसके साथ ही राखी ने कहा कि आज आदिल उन्हें घर में मारने के लिए आए थे, जिसके बाद ही उन्होंने पुलिस को जानकारी दी थी।

झुग्गी झोपड़ी

सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित

सम्पादक संजय कुमार यादव

RNI No.: UPHIN/2015/63182

दूरभष : 0532–2618074

मोबाईल : 9918366626

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com

Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा